राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 10 अंकः 31 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिल्ली के वजीराबाद स्थित यमुना घाट पर हरियाणा और दिल्ली से लिए गए यमुना नदी के पानी के सैंपल दिखाते हुए।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## 'राष्ट्रपति पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती है'

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को बजट सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई हालिया टिप्पणियों की निंदा की है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी की 'बेचारी बहुत थकी हुई लग रही थीं' टिप्पणी का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति भवन ने कहा कि टिप्पणियां उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान जारी कर कहा कि संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मीडिया के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं ने ऐसी टिप्पणियां की हैं, जो स्पष्ट रूप से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और इसलिए अस्वीकार्य हैं। इन नेताओं ने कहा है कि राष्ट्रपति भाषण के अंत में बहुत थक गई थीं और वे मुश्किल से बोल पा रही थीं। बयान में आगे स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रपति अपने भाषण के दौरान किसी भी समय थकी हुई नहीं दिखीं और उन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के लिए वकालत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति भवन यह स्पष्ट करना चाहता है कि सच्चाई से इससे ज्यादा दूर कुछ नहीं हो सकता।

# संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश

● 2025-26 में 6.3-6.8% के बीच रह सकती है वृद्धि दर, विपक्ष ने बताया बोरिंग

**उम्मीद**

▶▶ आर्थिक सर्वेक्षण एक वार्षिक दस्तावेज है जिससे अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा और राज्यसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, विकास के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए, वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण एक वार्षिक दस्तावेज है जिसे सरकार द्वारा केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाता है। यह दस्तावेज अर्थव्यवस्था की अल्पावधि से मध्यम अवधि की संभावनाओं को सामने लाता है। आर्थिक सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है। पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में अस्तित्व में आया था, जब यह बजट दस्तावेजों का हिस्सा हुआ करता था। 1960 के दशक में इसे केन्द्रीय बजट से अलग कर दिया गया और बजट प्रस्तुत होने से एक दिन पहले इसे पेश किया गया। वित्त मंत्री शनिवार को वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। **वहीं राष्ट्रपति** ने अभिभाषण में कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली तैयार कर रही है। सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। सहकारी क्षेत्र के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के फलस्वरूप रोजगार के अनेक अवसर सृजित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार साइबर सुरक्षा में दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा, 'भारत में आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था हमारा लक्ष्य है। सरकार किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाने और आय बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है।' भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान मजबूत बाह्य खाता और स्थिर निजी खपत के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत ऊंचे सार्वजनिक व्यय है।



### सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को संसद में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम हो रहा है। इस दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर इन दिनों संसद की एक संयुक्त समिति विचार कर रही है।

### आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के मुख्य बिंदु

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण में घरेलू और वैश्विक स्तर पर मौजूद चुनौतियों का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि विकास दर में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। अगामी वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 6.3 से 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। विकसित भारत के लक्ष्य के लिए दो दशक तक आठ फीसदी की वृद्धि दर की जरूरत :-
भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए दो दशक तक आठ फीसदी की दर से बढ़ने की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में शुक्रवार को यह बात सामने रखी गई है।

# भारत ने ईरान के समक्ष उठाया तेहरान में 3 भारतीयों के लापता होने का मुद्दा

**अनुरोध**

▶▶ वह लापता भारतीयों की खोज-खबर और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ईरान में तीन भारतीय नागरिकों के लापता होने का मामला सामने आया है। भारत ने ईरान के समक्ष इस मुद्दे को उठाया और उनकी खोज-खबर मांगी है।
तीनों भारतीय नागरिक बिजनेस के सिलसिले में तेहरान गए थे और लापता हैं।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि तीन भारतीय व्यापारिक कारणों से ईरान गए थे और वह वहां पर लापता हैं। हम उनके परिजनों से संपर्क में हैं। हमने इस मुद्दे को सख्ती से दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास और तेहरान में ईरान के विदेश मंत्रालय से उठाया है। विदेश मंत्रालय और तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार ईरानी प्रशासन के साथ संपर्क में है। हमने उनसे अनुरोध किया है कि वह लापता भारतीयों की खोज-खबर और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक योगेश पांचाल और मोहम्मद सदीक पिछले साल दिसंबर में 15 दिनों के वीजा पर गए थे। उनकी आखिरी ज्ञात स्थिति तेहरान के एक होटल की बताई जा रही है। इसके अलावा सुमित सूद इसी साल जनवरी के पहले सप्ताह से लापता हैं।

## सोमनाथ मंदिरः बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के आसपास कथित अवैध निर्माण पर हुए बुलडोजर एक्शन के मामले में दाखिल उस अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया जिसमें सोमनाथ मंदिर के पास स्थित दरगाह पर ऊर्स मनाने की मांग की गई थी। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि सालों से उर्स होता आया है लेकिन कल प्रशासन ने इसकी इजाजत देने से इन्कार कर दिया।

# दिल्ली को तालमेल वाली सरकार चाहिएः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी पर केंद्र और पड़ोसी राज्यों से झगड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली को तकरार वाली नहीं बल्कि तालमेल वाली सरकार चाहिए। इससे दिल्लीवासियों की समस्याओं का मिलजुलकर समाधान होगा। दिल्ली को लूट और झूठ की आपदा से मुक्त कराना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज द्वारका में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली को डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। दिल्लीवासियों ने उन्हें प्रधानमंत्री बनाकर बार-बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है। अब उनकी अपील है की डबल इंजन की सरकार बनाकर दिल्ली की भी सेवा का मौका दें। वे आश्वासन देते हैं कि दिल्ली के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में आम आदमी पार्टी ने केवल लड़ाई झगड़ा ही किया है। केंद्र से लेकर हरियाणा और उत्तर प्रदेश से झगड़ते हैं। वे केंद्र सरकार की योजनाएं लागू नहीं होने देते हैं। अगर आम आदमी पार्टी राज्य में सरकार में रही तो दिल्ली विकास के मामले में पीछे रह जाएगी और बर्बाद होती जाएगी।
प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी अपना चेहरा चमकाने के लिए अखबारों, टीवी और सड़कों के किनारे इश्तिहार कर पानी की तरह पैसा बहा रही है। इनके पास दिल्ली में गली, नाली, सीवर, सड़क और पाइपलाइन बनाने के लिए कोई बजट नहीं है।

**साधा निशाना**

▶▶ दिल्लीवासियों की समस्याओं का समाधान होगा। दिल्ली को लूट और झूठ की आपदा से मुक्त कराना है

## एम्स के चिकित्सकों ने 15 हजार मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आयुष मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों ने महाकुंभ में आयोजित विशेष शिविर में अब तक 15 हजार से अधिक मरीजों की जांच की है। सेक्टर 21 स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय में 6 दिवसीय विशेष शिविर में सात हजार स्वच्छता कर्मियों, पुलिस एवं श्रद्धालुओं को इम्युनिटी वर्धक आयु रक्षा किट भी वितरित की गयी है। शुक्रवार को बयान जारी करते हुए संकाय अध्यक्ष डॉ. योगेश बड़वे ने बताया कि चिकित्सालय में ज्वर, गठिया, संधि शूल, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक विकार, जैसे कई बीमारियों से ग्रसित मरीज लगातार यहां आ रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से आई सात सदस्य चिकित्सकों की टीम प्रतिदिन 24 घण्टे मरीजों की सेवा में तत्पर है।
यहां विभिन्न राज्यों से लोग पहुंच रहे हैं और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ ले रहे हैं। योगेश बड़वे ने बताया कि संस्थान द्वारा महाकुम्भ में 80 प्रकार की दवाइयां भेजी गयी है।



संसद परिसर में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद रहे।

## आम बजट के पहले बाजार में जोश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम बजट के पहले घरेलू शेयर बाजार शानदार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार में बिकवाली के मामूली झटकों का सामना करते हुए शेयर बाजार लगातार ऊपर चढ़ता गया। हालांकि दोपहर 1 बजे के करीब एक बार बिकवाली का जोरदार दबाव बनता हुआ नजर आया, लेकिन अगले 1 घंटे के कारोबार में ही खरीदारों ने दोबारा बढ़त बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.97 प्रतिशत और निफ्टी 1.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, मेटल, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस तथा टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। आज के कारोबार में ऑयल एंड गैस, पावर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में 2 प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज की गई। वहीं कैपिटल गुड्स इंडेक्स आज 4 प्रतिशत से अधिक उछल गया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.83 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

**मुनाफा**

▶▶ लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ स्टॉक मार्केट, निवेशकों को 1 दिन में 6.26 लाख करोड़ का मुनाफा

## दिल्ली की 40 प्रतिशत आबादी पानी खरीद कर पीने को मजबूरः पुष्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। उत्तराखंड के** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को दिल्ली के मोतीनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी हरीश खुराना के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। धामी ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी नहीं चाहती की दिल्ली की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। जहां पूरे देश में हर घर नल से जल अभियान के तहत देश के विभिन्न राज्यों में पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। वहीं दिल्ली में लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। धामी ने आगे कहा कि आज भी यहां की 40 प्रतिशत आबादी पानी खरीद कर पीने को मजबूर है।

## सचिन को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) शनिवार को नमन पुरस्कार समारोह के दौरान सचिन तेंदुलकर को सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित करेगा, जबकि रविचंद्रन अश्विन को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। खेल के दिग्गज खिलाड़ी तेंदुलकर ने भारत के लिए 200 टेस्ट, 463 वनडे और एक टी20 मैच खेले और सभी प्रारूपों में 34,000 से ज्यादा रन बनाए। वह भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे।

# आआपा ने बचत पत्र कैंपेन लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एक नया कैंपेन आआपा का बचत पत्र लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आआपा का बचत पत्र का मतलब प्रत्येक परिवार को हर महीने 35 हजार रुपये की सीधी बचत होगी। उन्होंने कहा कि आआपा की सरकार आएगी तो यह बचत दिल्ली के हर परिवार की होगी और अगर भाजपा आई तो ये सब बंद हो जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि महिलाओं को 2100 रुपये महीना, बुजुर्गों का मुफ्त इलाज कराने और छात्रों की बस यात्रा मुफ्त और मेट्रो के किराए में 50 फीसद की छूट देने का भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि इससे हर परिवार को करीब 10 हजार रुपये की और बचत होगी। लिहाजा, दिल्ली की जनता अगर झाड़ू का बटन दबाएगी तो उसे करीब 35 हजार रुपये महीने की बचत होगी लेकिन कोई और बटन दबाया तो 35 हजार रुपये की चपत लगेगी। केजरीवाल ने कहा कि शनिवार को देश का बजट आ रहा है और सबकी निगाहें उस पर टिकी हैं कि बजट क्या करेगा?



**सीधी बचत**

▶▶ शनिवार को देश का बजट आ रहा है और सबकी निगाहें उस पर टिकी हैं कि बजट क्या करेगा?

**विधानसभा चुनाव**

चुनाव आयोग और प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। दिल्ली में एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता हैं

# 1.56 करोड़ मतदाताओं के लिए बनाए गए 13,766 मतदान केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव आयोग और प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। दिल्ली में एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता हैं। इनके लिए आयोग ने 13,766 मतदान केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा 8 फरवरी को होने वाली मतगणना के लिए 11 जिलों में 19 गणना केंद्र बनाए गए हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़ी तैयारी के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए कुल 13,766 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा 733 सहायक मतदान केंद्र भी तैयार किए गए हैं। निष्पक्ष एवं निर्भय मतदान सम्पन्न करवाने के लिए दिल्ली में अर्द्धसैनिक बलों (बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, राजस्थान आर्म्ड फोर्स) की 220 कंपनियां, दिल्ली पुलिस के 35 हजार 626 जवान और 19 हजार होम गार्डस तैनात हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या एक करोड़ 56 लाख 14 हजार है। इनमें 83 लाख 76 हजार 173 पुरुष और 72 लाख 36 हजार 560 महिला मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त 1,267 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 2,39,905 है। इसके अलावा 85 से अधिक आयु वर्ग के 1,09,368 मतदाता, 100 से अधिक आयु वर्ग के 783 मतदाता, 79,885 दिव्यांग, ओवरसीज मतदाता 695 और 12,736 सेवा मतदाता हैं।



**तैयारी पूरी**

▶▶ दिल्ली में 85+ आयु वर्ग के 6,488 वरिष्ठ नागरिकों और 1,051 दिव्यांगों ने वोट फ्रॉम होम का विकल्प चुना

# नोएडा के मेट्रो स्टेशन पर बनेंगे दो फुटओवर ब्रिज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन आने जाने के लिए प्रतिदिन लगने वाले यातायात जाम व तेज रफ्तार वाहनो के बीच से गुजरने वाले पैदल यात्रियों को निजात दिलाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने कवायद शुरू कर दी है। यहां रोजाना करीब 80 हजार वाहनों की आवाजाही रहती है।
प्राधिकरण ने सेक्टर-37 क्रॉसिंग के आसपास दो फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने का फैसला लिया है।
दोनों एफओबी एमपी-3 रोड पर क्रासिंग के आसपास ही बनेंगे। इसके लिए प्राधिकरण की टीम ने पैदल यात्रियों के आने जाने के समय व स्थान को लेकर अध्ययन शुरू कराया है। रिपोर्ट आने के बाद तय होगा कि किन दो स्थानों पर एफओबी बनाया जाए।
प्राधिकरण सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि सेक्टर-37 क्रासिंग पर लोगों की बहुत ज्यादा भीड़ रहती है। हैवी ट्रैफिक फ्लो होता है।

**यहां पर सड़क पार करने के लिए नहीं है कोई एफओबी**
यहीं से नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, कालिंदी कुंज दिल्ली, डीएससी रोड की ओर वाहन आते जाते हैं। इसी क्रॉसिंग पर बाटेनिकल मेट्रो स्टेशन भी है, जहां पर ब्लू लाइन व मजेंटा लाइन है। भविष्य में बाटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक एक्वा मेट्रो की लिंक लाइन प्रस्तावित है।

# शैतान निकला शिव: प्रेमिका की हत्या में पत्नी को किया शामिल




**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा स्थित नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने प्रेमिका की स्कॉर्पियो से रौंदकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। संपत्ति में बंटवारे की बात से नाराज आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। रोड एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज कर जांच कर पुलिस ने जब सीसीटीवी और प्रेमिका के मोबाइल की तलाश की तो परत दर परत खुलती गई। जिसके बाद दंपती को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान शिव पांडे व प्रतिमा निवासी पांडेपुर गांव थाना लम्भुहा सुल्तानपुर के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त स्कोर्पियो कार (डीएल 8 सीएपी 3470), मृतका मोबाइल बरामद हुआ है।

**सीसीटीवी ने पहुंचाया हत्यारों तक:** चौड़ा सादतपुर सेक्टर-22 नोएडा निवासी अंजली चौहान ने केस दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री काजल चौहान (23) 16 जनवरी को घर से तुगलपुर गांव आई थी। तुगलपुर अंशल प्लाजा के पास एक स्कॉर्पियो ने कार से टक्कर मार दी। घायलों पुत्री को पहले पास के कैलाश अस्पताल भर्ती कराया था। वहां से उसे जिला अस्पताल सेक्टर-39 ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस पोस्टमॉर्टम करा मामले की जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से शुक्रवार को वारदात पदार्फाश करते हुए शिव पांडे और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है।

**एक साल तक रहे रिलेशनशिप में दोनों:** डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया कि जांच में पता चला है कि शिव पांडे मृतका काजल के साथ लगभग एक साल से रिलेशन में पति-पत्नी की तरह शाहबेरी में रह रहा था। आरोपी पूर्व से शादीशुदा है। 2018 में उसने प्रतिमा से प्रेम प्रसंग के बाद विवाह किया था। आरोपी की प्रेमिका काजल को शिव पांडे के पहले से शादीशुदा होने की कोई जानकारी नहीं थी। आरोपी की पत्नी प्रतिमा को भी काजल के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। दो माह पहले प्रतिमा व काजल को एक दूसरे के संबंध में जानकारी हुई थी।

**प्रतिमा और काजल के बीच शिव को लेकर होता रोजाना झगड़ा :** इसके बाद प्रतिमा व काजल के बीच शिव पांडे को लेकर रोजाना झगड़ा होता था। झगड़े के बाद जब आरोपी काजल से मिला तो काजल ने आरोपी से प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगा। साथ ही आरोपी की स्कॉर्पियो कार को बेचकर उसमें से भी हिस्सा लेने के लिए दबाव बनाया। जब आरोपी की पत्नी प्रतिमा को जानकारी हुई तो दंपती ने मिलकर काजल को रोड एक्सीडेंट के जरिये मारने की योजना बनाई। 16 जनवरी को आरोपी ने काजल को फोन व मैसेज करके तुगलपुर गांव के पास बुलाया। आरोपी व उसकी पत्नी अपनी स्कॉर्पियो कार से आए। काजल की हत्या करने के इरादे से कार को तेजी से काजल चौहान के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे काजल की मृत्यु हो गई।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी

महाकुम्भ-2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा पूर्व घोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :-

रेलगाड़ी सं. 04494/04493 आनंद विहार ट.-पटना जं.-आनंद विहार ट. कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04494 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04494 प्रस्थान | स्टेशन (↓ 04494 / ↑ 04493) | रेलगाड़ी सं. 04493 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04493 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | आनंद विहार ट. | 14:00 | ---- |
| 00:43 | 00:45 | गाजियाबाद | 13:15 | 13:17 |
| 02:00 | 02:02 | अलीगढ़ जं. | 10:43 | 10:45 |
| 03:05 | 03:10 | टूण्डला जं. | 08:50 | 08:55 |
| 06:40 | 06:45 | गोविन्दपुरी | 05:15 | 05:20 |
| 10:30 | 10:35 | प्रयागराज जं. | 02:10 | 02:15 |
| 14:40 | 14:50 | प. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 23:25 | 23:35 |
| 16:05 | 16:07 | बक्सर | 22:08 | 22:10 |
| 17:00 | 17:02 | आरा जं. | 21:08 | 21:10 |
| 17:30 | 17:32 | दानापुर | 20:40 | 20:42 |
| 18:15 | ---- | पटना जं. | ---- | 20:00 |

चलने के दिन : 04494 आनंद विहार जं. से दिनांक 06.02.2025 (वीरवार) को एवं 04493 पटना जं. से दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वातानुकूलित एवं 3 टियर वातानुकूलित

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
361/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सिपाही का कॉलर पकड़कर पीटा, फिर घसीटते हुए ले गए पुलिस चौकी

**लोनी (गाजियाबाद)।** गाजियाबाद जनपद के लोनी में बॉर्डर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर कॉलोनी में सीबीआई कोर्ट से सम्मन तामील कराने गए सिपाही वीरी सिंह पर पिता और पुत्र ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं उनका मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद पुलिस चौकी तक कॉलर पड़कर घसीटते हुए ले गए। सिपाही की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया है।

**सीबीआई का समन लेकर गए थे कांस्टेबल वीरी सिंह**
पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम को सीबीआई गाजियाबाद का कांस्टेबल वीरी सिंह कोर्ट द्वारा जारी समन को तामील कराने के लिए थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के जवाहर नगर इलाके में गे थे। सम्मन लक्ष्मण प्रसाद के नाम से था। तामीला के लिए जब लक्ष्मण प्रसाद के घर पर पहुंचे।

**कॉलर पकड़कर घसीटते हुए ले गए पुलिस चौकी**
लक्ष्मण प्रसाद और उसका पुत्र दीपक कुमार ने सिपाही के ऊपर हमला दिया। सिपाही ने अपना परिचय पत्र दिखाया, सम्मन दिखाया। इसके बावजूद मारपीट की।

# गाजियाबाद में एक नारियल ने ले ली 12 साल के मासूम की जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** नाहल झाल के पास शुक्रवार सुबह एक 12 वर्षीय बच्चा गंगनहर में नारियल देखकर दोस्त के साथ उसे निकालने कूद गया, लेकिन बाहर नहीं निकला। उसके दोस्त ने नहर से बाहर निकलकर मामले की सूचना आसपास मौजूद लोगों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बच्चे का शव बरामद कर लिया। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे नाहल निवासी 12 वर्षीय उमेर अपने दोस्त मोनीश के साथ खेलने गया था। दोनों नाहल झाल के पास खेल रहे थे इसी बीच उन्हें नहर में एक नारियल दिखा। दोनों बच्चे नारियल निकालने पानी में कूद गए, लेकिन उमेर गहरे पानी में फंस गया और डूब गया। मोनीश किसी तरह बाहर निकला और उसने शोर मचा दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बच्चे की तलाश पानी में शुरू कराई। शाम करीब चार बजे बच्चे का शव पानी में बरामद हो गया। पुलिस का कहना है कि बच्चे के पिता की एक साल पहले मृत्यु हो गई है। उसकी मां ही परिवार का पालन-पोषण कर रही है।



**हरनंदी में मछली पकड़ रहे युवक की डूबने से मौत**
वहीं पर एक दसूरे मामले में विजय नगर के सजवान नगर इलाके में हरनंदी में मछली पकड़ने गए एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मुरादनगर के नेकपुर निवासी नूरदीन (35 वर्ष) शुक्रवार को मिजार्पुर में अपनी बहन हसीना के यहां आया था। मिजार्पुर से इस्तकार के साथ नूरदीन सजवान नगर से सटी हरनंदी में मछली पकड़ने गया था। दोपहर करीब 12 बजे नूरदीन मछली पकड़ते हुए असंतुलित होकर नदी में गिर गया। इस्तकार ने मामले की सूचना आसपास मौजूद लोगों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नूरदीन को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो गई थी।

**फैक्ट्री से मोटर चोरी, पुलिस ने आरोपित गिरफ्तार किए**
मेरठ रोड स्थित सिद्दीक नगर से बदमाशों ने बृहस्पतिवार को एक फैक्ट्री से दो मोटर और एक स्टेबलाइजर चोरी कर लिया। फैक्ट्री मालिक ने मामले की सूचना नंदग्राम पुलिस से करते हुए केस दर्ज कराया। पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपितों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया है। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के मुताबिक दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी रेहान की सिद्दीक नगर में निक्की कंसलटेंट एंड इंजीनियरिंग के नाम से फैक्ट्री है।


## उत्तर रेलवे
### इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19250645 | ब्रेक लाइनिंग कम्पलीट (ब्रेक पैड) फॉर डब्लू ए पी-5 | 1954 सेट | 24-02-25 |
| 02 | 02252192A | रिटर्न एयर फिल्टर | 2635 नग | 03-03-25 |
| 03 | 77246553 | टूंगस्टन कार्बाइड टम्पिंग टूल (टी सी टी टी) | 12 सेट | 03-03-25 |
| 04 | 19250837 | बुल गियर 107 टीथ फॉर डब्लू ए जी 9 लोको | 58 नग | 29-04-25 |

निविदा शर्ते- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 93/2024-2025 दिनांक:- 31.01.2025 353/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सद्दाम पुत्रः** जमरुद्दीन **पताः** 1824, ई-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली, ने **FIR No. 587/19, U/s 33/58 DE ACT थानाः बवाना दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 587/19, U/s 33/58 DE ACT थानाः बवाना दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सद्दाम,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
एलडी. एमएम-05, (उत्तर)
कमरा नंबर 114, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1239/ON/2025
(Court Matter)



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एकल पैकेट खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर उप मुख्य अभियंता/निर्माण/तिलक ब्रिज के अधिकार क्षेत्र में के संबंध में "उत्तर रेलवे के साथ डीएफसी की कनेक्टिविटी के संबंध में कुंभावास यार्ड कार्य" जिसमें सिविल कार्य, तटबंधों को भरने और काटने में मिट्टी कार्य सहित स्थायी मार्ग कार्य, कंबल सामग्री के संघनन सहित आपूर्ति और फैलाव, पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति और डालना, एलएचएस का विस्तार, रिटेनिंग दीवारों आदि का प्रावधान, सेवा भवन, उच्च स्तरीय प्लेटफार्मों का प्रावधान, जल निकासी प्रणाली का प्रावधान, रेलवे ट्रैक/टर्न आउट और अन्य सभी स्थायी मार्ग स्थापनाएं आदि, मौजूदा भवनों और मौजूदा पी-वे अवसंरचनाओं के सभी प्रकार के निराकरण और अन्य सभी संबद्ध कार्य आदि शामिल हैं। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹49.96 करोड़ | धरोहर राशि | ₹26,47,900/- |
| कार्य निष्पादन की अवधि | 18 (अठारह) माह | | |
| ई-निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थान | निविदा दिनांक 28.02.2025 तक आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 28.02.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 08.02.2025 से 28.02.2025 तक उपलब्ध होंगे। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। | | |

सं.: 491-एसीएस-सी-केडब्ल्यूएमडी-टीकेजे दिनांकः 30.01.2025 344/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण), उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** सरोजिनी नगर, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में एनआर और आरएलडीए के लिए 20 यूनिट टाइप-VI फ्लैटों के निर्माण के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। |
| 2 | **कार्य समापन अवधि :** 09 महीने |
| 3 | **अनुमानित लागत :** रु. 1,00,86,621.64 |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 2,00,400/- |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय :** निविदा दिनांक 25.02.2025 समय 11:30 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 25.02.2025 को समय 11:30 बजे खोला जाएगा। |
| 6 | **निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी :** विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वैबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा पत्र बेबसाइट www.ireps.gov.in पर 11.02.2025 से 25.02.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। |

सं.: 17-वि/उप मु. वि. अभि./सी./टी./154 दिनांक: 30.01.2025 336/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना संख्या

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ क.वि./ उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-10-2024-25 | अंबाला मंडल में एसईएमसी और ईएमएस प्रणाली के लिए छत्तीस (36) महीने के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) हेतु कार्य। | 21.02.2025 | Rs. 72,09,153.36/- | Rs. 1,44,200/- | 36 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal- NIL, (रू. 5,000/-Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |
| 2 | ETrU-T-12-2023-24-03 | अंबाला मंडल में फीडिंग प्रणाली में सुधार के लिए ए एन एस बी टीएसएस से बी ए आर जे एसएसपी तक नए फीडर की व्यवस्था हेतु कार्य। | 21.02.2025 | Rs. 2,02,18,861.48/- | Rs. 2,51,100/- | 06 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal- NIL, (रू. 10,000/-Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN / GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST,BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु है एवं इस प्रकार है: क्र.सं. 1"Railway Board/RDSO Guidelines for eligibility criteria to be followed" OR "Interfacing of numerical relays to SCADA system through serial communication port based on IEC Protocol." & क्र सं. 2 में "Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE" OR "Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC Traction sub-station/ Switching sub-stations." Or Maintenance/ Repairs/ Design, supply, erection, testing & commissioning of sub-stations of 132 kV or higher voltage." 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।
सं. ETrU-T-10-2024-25 & ETrU-T-12-2023-24-03 दिनांक: 29.01.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 338/25



# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं, सतीश पुत्र मामचंद निवासी गांव दातोली तह० गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ मेरा लड़का शुभम, मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिये मैं अपने उक्त लड़के शुभम को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी शुभम से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

हरियाणा सरकार

# 100 दिन नॉन-स्टॉप काम टॉप परिणाम




## डबल इंजन हरियाणा सरकार तिगुनी रफ्तार

सरकार गठन के साथ ही **27 हजार** से ज्यादा युवाओं को **बिना खर्ची- बिना पर्ची** सरकारी नौकरी मिली है।

हरियाणा के गांवों में **250 नए इंडोर जिम खोले गए,** हर गांव में जिम खोलने की योजना।

राज्य के **अनुबंधित कर्मचारियों** एवं विभिन्न कैटेगरी के अध्यापकों को **सेवा सुरक्षा प्रदान की गई।**

रिठाला से कुंडली तक **नई मेट्रो।**





"हमारी सरकार ने युवाओं को कौशल से लैस करके उन्हें मजबूत बनाने पर काम किया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और धन अर्जित कर सकें।"
- नरेन्द्र मोदी

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## न्यूज फ्लैश

### सात दिवसीय जिला स्तरीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्बाला शहर में सात दिवसीय जिला स्तरीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने किया। शिविर का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना से हुआ। तदुपरांत सभी ने उठें समाज के लिए उठें उठें लक्ष्य गीत गाया। सुरेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से स्वयंसेवकों में नैतिकता,सामुदायिकता जैसे बहुमूल्य गुणों की भावना का विकास होता है।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राधा रमन सूरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और अनुशासन पर व्याख्यान दिया। द एस डी विद्या स्कूल की वालंटियर एंजल और भाविनी ने हरियाणवी और कत्थक डांस किया। मंच संचालन खुशी ने किया।जिला कोर्डिनेटर विजय कुमार ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इस शिविर में जिला के तीस विद्यालयों के दो सौ स्वयंसेवकों ने तथा पंद्रह प्रोग्राम आफिसर्स सहभागिता कर रहे है।इस अवसर पर अम्बाला शिक्षा विभाग से डिप्टी सुपरिटेंडेंट राजकुमार राणा,स्टेनो हरीश मिश्रा,प्रोग्राम आफिसर श्रीदत्त,मुकेश शर्मा, भारत भूषण,जोए, सुनीता गर्ग, डा. सम्राट, डा. मीनाक्षी, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, सरिता, कमलदीप सिंह, वरुण जैन,कुलदीप,जीवन ज्योत, अजय कौशल,तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

### नागरिक अस्पताल में पहुंचे रेबीज के 2360 इंजेक्शन, आज तीन हजार और आने की संभावना

**सोनीपत: जिला** नागरिक अस्पताल में दो दिन के बाद रेबीज के इंजेक्शन पहुंच गए है। प्रबंधन की तरफ से 1500 इंजेक्शन नागरिक अस्पताल में कमरा नंबर-10 व आपातकालीन कक्ष में वितरित किया गया है। बाकि अन्य इंजेक्शन सीएचसी व पीएचसी स्तर पर वितरित की गई है। प्रबंधन की तरफ से शुक्रवार को तीन हजार इंजेक्शनऔर आने की संभावना जताई है। ताकि जिले में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में दो दिन से रेबीज का इंजेक्शन खत्म हो गया था। जिसके चलते हर रोज अस्पताल में आने वाले करीब सौ से ज्यादा मरीजों को वापस जाने पर मजबूर होना पड़ रहा था। मरीज मामले को लेकर प्रबंधन तक गुहार लगा चुके थे। प्रबंधन की तरफ से काफी दिनों पहले वेयर हाउस में इंजेक्शन की डिमांड भेजी गई थी, लेकिन वेयर हाउस में इंजेक्शन न होने के चलते डिमांड पूरी नहीं हुई। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कुल 2360 इंजेक्शन की लोकल परचेज की गई है। वहीं शुक्रवार को तीन हजार इंजेक्शन की परचेज और होने की संभावना जताई गई है। एक इंजेक्शन में पांच डोज अलग-अलग करके मरीजों को लगाए जाते है। मरीजों को लौटना पड़ा था वापस, निजी स्टोर से खरीदनी पड़ी थी डोज- गत बुधवार को नागरिक अस्पताल में दूर-दराज से लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे। किसी ने बच्चे के लिए स्कूल की छुट्टी करवाई तो किसी ने खुद की ड्यूटी में बदलाव करके अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्हें निराशा हाथ लगी।

# सरस्वती नदी के पुन: जीवित होने से औषधि क्षेत्र होगा विकसित : प्रो. करतार

## सरस्वती नदी पर विभिन्न प्रकार की औषधियां पाई जाती थी जिनसे विश्व औषधियों का व्यापार होता था

**विकसित**

▶▶ सरस्वती नदी को पुन: जीवित कर देते हैं तो भारत 2047 तक अपने औषधी व्यापार क्षेत्र को विकसित कर लेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ऑन सरस्वती रिवर और हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में द सरस्वती रिवर-सनातन सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल-विकसित भारत-2047 के लिए दृष्टि क्षितिज विषय पर श्रीमद्भगवद्गीता सदन के सीनेट हॉल में दूसरे दिन श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर करतार सिंह धीमान ने कहा कि सरस्वती नदी पर विभिन्न प्रकार की औषधियां पाई जाती थी जिनसे विश्व औषधियों का व्यापार होता था। वर्तमान काल में जब हम हिमालय लेकर गुजरात के बीच के रास्तें में जिन मुख्य औषधियां पाते हैं उनमें मुख्यतः सलम, बदरी तुलसी, भोजपत्र, ईशबघोल, लिंगधू, तुम्बरी, मजीठा इत्यादि सौ से अधिक आज भी वर्तमान में है। उन्होंने कहा कि अगर हम सरस्वती नदी को पुनः जीवित कर देते हैं तो भारत 2047 तक अपने औषधी व्यापार क्षेत्र को विकतिस कर लेगा।
केयू सरस्वती शोध उत्कृष्टता केन्द्र के निदेशक व डीन स्टूडेंटस वेलफेयर प्रोफेसर एआर चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तीन दिवसीय कांफ्रेस से हम सरस्वती नदी के जरिये विकसित भारत-2047 की तरफ बढ़ रहे हैं क्योंकि हम और हमारी नई पीढ़ी इस दिशा में आगे बढ़ेगी ऐसी मेरी आशा है। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में ऐतिहासिक, धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हो रही है और कांफ्रेंस को सार्थक सिद्ध कर रहे हैं।
इस अवसर पर पूर्व सदस्य सीबीटीसी सरोज बाला ने रामायण, महाभारत और सरस्वती के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सरस्वती नदी ही नहीं बल्कि एक सभ्यता थी क्योंकि इस नदी पर हमारे पौराणिक ग्रंथों की रचना ऋषियों और मुनियों की थी। रामायण में ऋषि वाल्मीकि जी ने भगवान श्रीराम के जन्म के ग्रह-नक्षत्रों के बारे में बताया। वहीं आज भी ज्योतिष के माध्यम से आज हम जन्म के नक्षत्रों एवं ग्रहों को देखते हैं। इस अवसर पर इसरो के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. एके गुप्ता ने अपने शोध पत्र के आधार पर वैदिक सरस्वती की प्रमाणिकता विभिन्न मैपों के आधार की। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से विभिन्न वैज्ञानिक ने अपने-अपने सरस्वती संबंधित मैप बनाये है जो सरस्वती के होने के प्रमाण करती है हमे एक सांझे मैप की ओर बढ़ना है।

## नशा मुक्त होगा हरियाणा- मिलकर सारे जोर लगाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** नशामुक्त हरियाणा अभियान के लिए नियुक्त हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा अपने दैनिक जीवन में साइकिल के साधन का प्रयोग करते हैं। वे हरियाणा के गाँव गाँव शहर शहर जाकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अघीक्षक मोहित हांडा एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में वे इस अभियान को जन जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। अनेक लेख और कविताओं के माध्यम से भी वे इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। साइकिल के साधन का प्रयोग करने का कारण पूछने पर प्रायः वे कहते हैं कि आज सड़कों पर दिन प्रतिदिन गाड़ियों की बढ़ती संख्या पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सड़कों पर भीड़ बढ़ाने का कार्य करती हैं और इतना ही नहीं मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।
वर्षों से साइकिल के साधन का प्रयोग करने वाले डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा मुक्त जीवन और स्वस्थ्य मनुष्य के लिए सर्वोत्तम धन है जो अंतिम श्वांस तक साथ निभाता है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों का अंत आ चुका है और अब हरियाणा में नशा तस्करी करने वाले लोगों के विरुद्ध निर्भय होकर 9050891508 अथवा 1933 अथवा मानस पोर्टल पर गुप्त सूचना दी जा सकती है।

## बैंक कर्मचारियों पर सरकारी आदेशों की पालना न करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में कोटक महिंद्रा बैंक के शाखा प्रबंधक समेत दो अधिकारियों पर तहसीलदार ने उनके पत्र के बावजूद सरकारी राशि ट्रांसफर नहीं करने के आरोप का मामला सामने आया है। प्रशासनिक अधिकारी का आरोप है कि बैंक में पत्र लिखने व मौखिक रूप से कई बार कहने के बाद भी जब राशि केनरा बैंक की शाखा में ट्रांसफर नहीं की गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहसीलदार जिवेंद्र मलिक ने पुलिस को बताया कि उनके नाम से एक बैंक खाता सोनीपत के एटलस रोड स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा में है। वह बैंक खाते में जमा सरकारी राशि 14,04,05,764 रुपये को केनरा बैंक की शाखा में स्थानांतरित करना चाहते थे। केनरा बैंक का खाता शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल, तहसीलदार और एसडीएम के नाम पर है। उन्होंने राशि को केनरा बैंक के खाते में ट्रांसफर करने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा में 23 व 30 दिसंबर, 2024 को पत्र लिखा था। उसके बावजूद सरकारी राशि को केनरा बैंक के खाते में स्थानांतरित नहीं किया गया।

## बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में जिला कुरुक्षेत्र के तीन विद्यार्थियों ने जीते पदक

**विकास**

▶▶ साथ ही मानव जीवन के समक्ष चुनौतियां भी पेश की हैं। बिना देश का विकास नहीं हो सकता




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) हरियाणा में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में जिला कुरुक्षेत्र ने विद्यार्थियों ने पदक जीत कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा के 11वीं के विद्यार्थी सागर पुत्र बलदेव ने आपदा प्रबंधन में स्मार्ट सिक्योरिटी मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मॉडल के माध्यम से सागर ने करंट वाली तारों के द्वारा जंगली जानवरों से खेत की रक्षा के बारे में बताया गया है तथा तार से टकराने के बाद बिजली का कनेक्शन अपने आप कट जाता है। इसी प्रकार खेत में आग लग जाने पर मोबाइल पर कॉल आएगा जिससे वाटर पंप ऑटोमेटिक ढंग से खेत में आग को बुझा देगा डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के विद्यार्थी राघव ने परिवहन एवं संचार उपविषय में द्वितीय तथा अभिनव ने खाद्य, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता उपविषय में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने तीनों विद्यार्थियों सागर, राघव, अभिनव को केशव सभागार में सम्मानित किया। उन्होंने जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक, शिक्षक डॉ सविता खरब, कपिल देव तथा दोनों विद्यालयों के प्राचार्य डॉ सचिंदर कोरा तथा ओमप्रकाश को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढाई के साथ साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास को सके। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने कहा कि विज्ञान ने मनुष्य के जीवन को आसान व सरल तो बनाया ही है साथ ही मानव जीवन के समक्ष चुनौतियां भी पेश की हैं। विज्ञान व प्रौद्योगिकी के बिना देश का विकास नहीं हो सकता।

## योगीराज बाबा लाल दयाल जी का जयंती महोत्सव आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** वशिष्ठ कॉलोनी स्थित श्री लालद्वारा मंदिर में शुक्रवार को वैष्णवाचार्य, अन्नतविभूषित योगीराज बाबा लाल दयाल जी महाराज का 670वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। सुबह हवन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य यजमान ललित गुलाटी परिवार के सभी सदस्यों ने आहुतियां दी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर कमेटी के प्रधान केवल कृष्ण पाठक ने



ध्वजारोहण किया। इस मौके पर गायकों द्वारा सुनाए गए भजन बुहा खोल दे मंदरां दे पहरेदारा कि असां वी दीदार करना और अज्ज जन्मदिन सतगुरू जी दा, संगता देन वधाईयां, वेख के मुखड़ा सतगुरू जी दा, सबने रौणकां लाईयां..... सुनाकर समां बांधा। इसके बाद भक्ति प्रवचनों में पंडित दीपक मिश्र ने कहा कि सतगुरू बाबा लाल दयाल जी ऐसे महापुरूष हुए है, जिनका चिंतन और दर्शन विश्व के लिए नवीन मार्ग प्रशस्त करता है। महान विद्वान, परोपकारी व महायोगी लाल दयाल जी का जन्म लाहौर के निकट कसूर प्रांत (अब पाकिस्तान)में सम्वत 1412 में हुआ। कहा जाता है कि वें अपनी भक्ति एवं योग विद्या के बल से 300 वर्ष तक जीवित रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता की भलाई में समर्पित कर दिया। धर्म प्रचार हेतु मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) में रहकर 100 वर्ष तक कठोर तपस्या की।

**जन्मोत्सव**

▶▶ अन्नतविभूषित योगीराज बाबा लाल दयाल जी महाराज का 670वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

## पिपली में सरस्वती रिवर फ्रंट को बनाएंगे कुरुक्षेत्र का सबसे भव्य पर्यटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जी हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिपली में सरस्वती रिवर फ्रंट पर कुरुक्षेत्र का सबसे भव्य और सुंदर पर्यटन केंद्र को स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से 3 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है। इस परियोजना के साथ ही भव्य मंदिर का निर्माण शुरू किया जाएगा। यह निर्माण कार्य 2 फरवरी बंसत पंचमी के पावन पर्व पर किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि धार्मिक और समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से ही मंदिर का



निर्माण किया जा रहा है। इस स्थल को सरस्वती वाटिका का नाम भी दिया गया है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच शुक्रवार को पिपली में मंदिर निर्माण कार्य स्थल का अवलोकन करने के उपरांत अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, बोर्ड के अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक, कार्यकारी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अवलोकन किया और बोर्ड की तरफ से पिपली रिवर फ्रंट में बनाए जाने वाले सरस्वती वाटिका परियोजना के लिए भी अधिकारियों से बातचीत की।

## अलग-अलग सड़क हादसों में युवक व युवती की मौत

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में बहालगढ़-बागपत रोड और लिवासपुर के पास हुए सड़क हादसों में एक युवक और युवती की मौत हो गई। दोनों की अलग-अलग कंपनियों में काम करते थे। युवक ड्यूटी खत्म कर लौट रहा था। जबकि युवती को उसका जानकार बाइक पर कंपनी में छोड़ने जा रहा था। शिकायत पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। न्यू विहार कालोनी की रहने वाली ममता जीटी रोड पर स्थित कंपनी में काम करती थी। बृहस्पतिवार की सुबह कच्चे क्वार्टर में रहने वाला उसका जानकार विशेक उसे बाइक पर कंपनी में छोड़ने के लिए जा रहा था।

## 30 गुमशुदा मोबाईल फोन तलाश कर किये मालिकों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरूक्षेत्र ने लाखों रुपए के 30 गुमशुदा मोबाईल फोन तलाश कर किये असल मालिकों के हवाले। जिला पुलिस कुरूक्षेत्र के साईबर सैल द्वारा गुमशुदा मोबाईल फोन तलाश कर किया मालिकों के हवाले किया गया। इन मोबाईल सैटो की कीमत बाजार में लाखों रुपए है। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है। आजकल मोबाईल फोन दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। मोबाईल फोन के बिना हर व्यकित अपने आप को अधूरा महसूस करता है। जैसे-जैसे किसी वस्तु की मांग बढती है वैसे- वैसे उसके गलत इस्तेमाल की सम्भावनायें बढ जाती हैं। प्राय: देखने में आया है कि आम लोगों के



मोबाईल फोन या तो कहीं गिर जाते हैं या फिर लोग अपने फोन कहीं रख कर भूल जाते हैं। जिलाभर में मिली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की साइबर इकाई ने इन मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर को सर्विलांस पर ट्रैक करते हुए हैंडसेटस को बरामद किया। पुलिस द्वारा बरामद किए गए फोन में से अधिकांश फोन या तो यूजर द्वारा गलती से गुम हो गए थे या विभिन्न स्थानों से चोरी हो गए थे। बरामद हैंडसेट में ज्यादातर कीमती हाई-एंड स्मार्टफोन शामिल हैं। विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साईबर सैल के ईन्चार्ज हवलदार विजय कुमार की टीम ने जिला कुरूक्षेत्र के एरिया से ऐसे 30 मोबाईल फोन जिनकी शिकायत आनलाईन या जिला के किसी थाना में असल मालिकों द्वारा दर्ज करवाई गई थी। दिनांक 31 जनवरी 2025 को उनके मालिकों को कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक में बुलाकर उप पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं उनके मोबाईल सौंपे गये ।

**शानदार कारवाई**

▶▶ मालिकों को कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक में बुलाकर उप पुलिस अधीक्षक स्वयं उनके मोबाईल सौंपे गये

## सरस्वती विरासत का हरियाणा में सबसे ज्यादा क्षेत्र: भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरस्वती विरासत का हरियाणा में सबसे ज्यादा क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि भारत एक समय आर्थिक दृष्टि से मजबूत था जिसमें गावों का अहम योगदान था। उन्होंने कहा कि पिहोवा में ब्रहमयोनी के नाम से तीर्थ है राजा पृथु का प्राचीन शिलालेख भी है। उन्होंने कहा कि पौराणिक मान्यता है कि ब्रह्मा ने यहीं से सृष्टि की रचना की थी इसलिए इस स्थान का नाम ब्रह्म योनी पड़ा। राजा पृथु ने इस धरती पर हल भी चलाया था यह बात वामन पुराण में लिखी हुई है। उन्होंने पिहोवा स्थित ब्रहम योनी



स्थल पर शोध एवं अनुसंधान करने का भी आह्वान किया।
ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि 10 वर्ष पहले शुरू हुए सरस्वती महोत्सव में आदिबद्री स्थल पर आयोजित दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य से लोग पहुंचे थे जिन्होंने बताया कि उनके पूर्वज यहीं के वासी रहे थे। वे सरस्वती नदी के किनारे रहते थे इसलिए उन्हें सारस्वत भी कहा जाता था। उन्होंने सरस्वती शोध कार्यों के लिए केयू के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग सहित मेरठ एवं पंजाब के विश्वविद्यालयों को जोड़ने का आह्वान किया तथा सरकार की ओर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही।
प्लेनरी सत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. संजय मंजुल ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि पुरातत्व स्थलों के साथ तीर्थ स्थलों का भी विशेष संबंध है। उन्होंने भारत में घोषित राखीगढ़ी, धौलावीरा, हस्तिनापुर, आदि चिनालुर शिव सागर की पुरातत्व स्थलों के बारे में अहम जानकारी दी। हरियाणा सरकार राखीगढ़ी में संग्रहालय को विकसित कर रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने पीपीटी के माध्यम से हरियाणा के राखीगढ़ी में मिली प्राचीन वस्तुओं को उस समय के रहन-सहन एवं रीति-रिवाजों, पशुपालन, भवन निर्माण योजना, व्यापार एवं उद्योग से जोड़कर जानकारी साझा की।
डॉ. तेजस मुजिद्रा ने कहा कि सरस्वती नदी को सारस्वत सभ्यता को घोषित किया। भारत के सभी प्राच्य संस्थानों को एक साथ जोड़कर इस दिशा में आगे बढ़ने की बात कही। वहीं आईआईटी खड़गपुर से डॉ. जॉय सेन ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि सरस्वती - भौतिक मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक वास्तविकताओं का संगम विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि ऋग्वेद एवं प्राचीन वैदिक साहित्य में सरस्वती के विषय में वर्णन किया गया है।

**ब्रहमयोनी**

▶▶ भारत एक समय आर्थिक दृष्टि से मजबूत था जिसमें गावों का अहम योगदान था। पिहोवा में ब्रहमयोनी के नाम से तीर्थ है

## मुगल माजरा में ब्लॉक स्तरीय लेवल पर बाल खेल मेला हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहबाद:** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुगल माजरा में ब्लॉक स्तर का बड़े लेवल पर बाल खेल मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विनोद कौशिक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र, विनोद सिंगला डी आई ओ कुरुक्षेत्र, डॉक्टर श्याम सुंदर आहूजा खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद मारकंडा, एफएलएन के जिला कोऑर्डिनेटर गौतम शर्मा ने शिरकत की। गांव सरपंच पति लाडी शर्मा, क्लस्टर मुखिया अनीता अरोड़ा, विद्यालय प्रभारी जसबीर सिंह ने सभी मुख्य



अतिथियों का स्वागत किया। इस बाल खेल मेला में विभिन्न विद्यालयों के 150 बच्चों व 25 अध्यापकों ने भाग लिया। इस बाल खेल मेला में ई-लर्निंग के माध्यम से शिक्षा, ईवीएस, हिंदी, गणित, बाल वाटिका के टीएलएम के स्टॉल प्रदर्शित किए गए। मुख्य अतिथियों ने बच्चों से टीएलएम बारे में सवाल जवाब भी किए, जिनके बच्चों ने बड़े ही सुंदर ढंग से जवाब दिए. इस अवसर पर मुख्य अतिथियों और पूरे ब्लॉक के प्राइमरी अध्यापकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर श्याम सुंदर आहूजा जी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित भी किया।

# ट्रांसजेंडर्स के अधिकारों की रक्षा देश के लोगों को कर्तव्य- कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय** (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व भारत के सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के एनएसआईडी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में क्षमता निर्माण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। आयोजन के दूसरे दिन पत्रकारों के लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश में पांच लाख ट्रांसजेंडर्स के अधिकारों की लड़ाई लड़ने व उन्हें समाज में मान सम्मान व प्रतिष्ठा दिलाने का कर्तव्य देश के प्रत्येक नागरिक का है। जब देश के नागरिक संवेदनशील बनेंगे तो देश की इस आबादी का भी विकास होगा व वे देश निर्माण में




अपनी भूमिका अदा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर्स जैसे विषयों पर जब मीडिया में संवेदनशीलता आएगी तभी जागरूक होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान तथा ट्रांसजेंडर्स एक्टिविसिट दीपिका एवं अमृता भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यशाला के आरंभ में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और पत्रकारों को विषय की महत्ता व उनके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कि देश के संविधान के अनुसार देश में सभी को समान के साथ जीने का अधिकार है। हम सभी का यह दायित्व कि देश में जो लोग भेदभाव के शिकार हुए हैं उनके बारे में हम लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश भर में मीडिया कर्मियों को जागरूक करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि भारत स्त्री-पुरुष के साथ-साथ ट्रांसजेंडर के विषय को लेकर बेहद सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ रहा है। यहां पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का अनुसरण करते हुए अंतोदय अर्थात अंतिम व्यक्ति का कल्याण करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि भारत में ट्रांसजेंडर के अधिकारों के संरक्षण हेतु वर्ष 2019 में कानून की व्यवस्था की गई है जो कि सुनिश्चित करता है कि इस वर्ग के अंतर्गत आने वाले लोगों के साथ किसी तरह का भेदभाव ना हो। कुलपति ने इस दिशा में जारी प्रयासों के सफलतम क्रियान्वयन में मिडियाकर्मियों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इस तरह के कार्यक्रमों से इस दिशा में जारी प्रयासों को बल मिलेगा। कुलपति ने अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. विरेंद्र चौहान तथा ट्रांसजेंडर्स एक्टिविसिट दीपिका एवं अमृता का भी आभार व्यक्त किया। पत्रकारों के लिए आयोजित विशेष कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. विरेंद्र चौहान ने भारतीय सनातन परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह से हम इस वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में ट्रांसजेंडर्स को लेकर कभी भेदभाव नहीं हुआ है। देश में अंग्रेज के आने के बाद यह भेदभाव शुरू हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से महाभारत के शिखंडी व पांडवों के अज्ञातवास के दौरान अर्जुन के किरदार का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में ट्रांसजेंडर्स को कभी भी नकारने, दुत्कारने तथा अस्वीकार करने की परंपरा नहीं है। यहां तो सदैव उन सताए हुए लोगों की रक्षा ही की गई है। डॉ. विरेंद्र ने अपने संबोधन में पत्रकारों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में जारी प्रयासों को बल प्रदान करने में पत्रकार एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है।

# विधायक गहलावत ने कैलाश गहलोत का चुनाव प्रचार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई । राई हलके से** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने दिल्ली विधान चुनाव में बिजवासन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश गहलोत का चुनाव प्रचार किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा की नीतियों से देश की जनता खुशहाल कहा कि अपने 10 साल से अधिक कार्यकाल सत्ता सुख भोगने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज अपना हिसाब देने की बजाय जनता को मूर्ख बनाकर सत्ता सुख पाने के लिए गलत हथकंडे अपना रहे हैं।अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की माटी के प्रति अपने फर्ज को भूल कर ओछी मानसिकता दिखाई है, अब दिल्ली की जनता के सामने है। आगामी 5 फरवरी को



दिल्ली की जनता इस मूर्ख तंत्र से निजात पाकर भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को अपने कामों का हिसाब दिया था और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 10 साल का हिसाब दिया, जिसपर भरोसा जताते हुए केंद्र और प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का काम किया। लेकिन दिल्ली में 10 साल सत्ता सुख भोगने के बाद अरविंद केजरीवाल विकास की बात नहीं कर रहे, क्योंकि उन्होंने न केवल दिल्ली के विकास की राह में बाधा उत्पन्न की है, बल्कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली की जनता तक पहुंचने से रोका है। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने

कहा कि दिल्ली की जनता इस बार आप-दा को माफ नहीं करेगी, बल्कि साफ करेगी, क्योंकि उन्होंने अपने घमंड के बूते पर दिल्ली को विकास के मामले में गर्त में पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता को प्रदेश सरकार की जनहित योजनाओं के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का डबल फायदा देना चाहते हैं।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की बनेगी सरकार: गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई । राई हलके** से विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने दिल्ली विधान चुनाव में बिजवासन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश गहलोत का चुनाव प्रचार किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा की नीतियों से देश की जनता खुशहाल कहा कि अपने 10 साल से अधिक कार्यकाल सत्ता सुख भोगने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज अपना हिसाब



देने की बजाय जनता को मूर्ख बनाकर सत्ता सुख पाने के लिए गलत हथकंडे अपना रहे हैं।अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की माटी के प्रति अपने फर्ज को भूल कर ओछी मानसिकता दिखाई है, अब दिल्ली की जनता के सामने है। आगामी 5 फरवरी को दिल्ली की जनता इस मूर्ख तंत्र से निजात पाकर भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता को प्रदेश सरकार की जनहित योजनाओं के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का डबल फायदा देना चाहते हैं और इस बार दिल्ली की जनता भाजपा को बड़े अंतर से जिताकर केजरीवाल के घमंड को तोड़ने का काम करेगी। इस अवसर पर विजेंद्र, नरेंद्र ,नरेश, रामकिशन आदि मौजूद थे ।

# आनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 8 लाख ठगे

**गन्नौर। हरिनगर के** रहने वाले एक युवक को साइबर ठगों ने आनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम 8 लाख रुपये का चूना लगा दिया। युवक ने इस संबंध में साइबर क्राइम थाना सोनीपत में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में शहर के वार्ड 3, हरिनगर निवासी हितेश ने बताया कि 12 मई 2022 को उसे व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से संदेश मिला, जिसमें उसे शेयर ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों ने उसे लिंक भेज कर उनके आनलाइन प्लेटफार्म पर खाता खोलने कर 10 हजार रुपये जमा करने को कहा। इसके बाद उसे ट्रेडिंग के लिए गाइड करने के बहाने विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया। धीरे-धीरे उसने अपने परिवार व मित्रों से उधार लेकर कुल 8 लाख रुपये जमा कर दिए। बाद में जब उसने अपने पैसे वापस निकालने की कोशिश की तो ठगों के मोबाइल नंबर बंद मिले ।

# रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ में चिकित्सीय प्रकृति परीक्षण पूर्ण



**टीम एक्सन ंडिया**
**राई । रेणु विद्या मंदिर,** बहालगढ़ में 2 फरवरी निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर की तैयारी को लेकर आसपास के गांव के सरपंचों के साथ बैठक हुई । संस्थान की उपनिदेशिका ऋचा चावला ने बताया कि शिविर अग्रवाल वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.), शालीमार बाग, नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य जांच , दांतों की जांच , आंखों की जांच, हड्डियों की जांच की जाएगी। विशेष आकर्षणः प्रसिद्ध जादूगर एम.पी. अंसारी द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित जादू का प्रदर्शन किया जाएगा। संस्थान की उपनिदेशिका ऋचा चावला ने आसपास के गाँवों के सरपंचों के साथ बैठक की और उन्हें शिविर के उद्देश्यों के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सरपंचों ने संस्थान द्वारा उठाए गए सराहनीय कदम की प्रशंसा की और शिविर को अपना पूर्ण समर्थन दिया। उपनिदेशिका ऋचा चावला ने आसपास के लोगों से अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### अपहरण कर टैक्सी चालक की हत्या, बहालगढ़ थाना प्रभारी सहित पांच संस्पेड दो एसपीओ लाइन हाजिर

**सोनीपतः दिल्ली से बागपत** के लिए टैक्सी को बुकिंग में लेकर आए युवकों ने गाड़ी व नकदी लूटने के लिए चालक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपितों ने वारदात को अंजाम देने के बाद शव को कुएं में फेंक दिया था। मामले में आरोपितों ने किसी अन्य चालक के जरिए खुन से लथपथ गाड़ी को बहालगढ़ थाना क्षेत्र की ओमेक्स सिटी में खड़ी करवा दिया। गाड़ी के पास पहुंचने पर हत्या का खुलासा हुआ। वहीं पुलिस से मदद मांगने पर न मिलने पर बहालगढ़ थाना प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मचारियों को संस्पेड किया गया है। जबकि डायल-112 पर तैनात दो एसपीओ को लाइन हाजिर किया गया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजन निवासी बिजनौर, यूपी व प्रशांत उर्फ विशु निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### फर्जी एग्रीमेंट कर 12 लाख हड़पने व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**गन्नौर । बड़ी गांव** में 125 गज के प्लॉट का फर्जी एग्रीमेंट कर 12 लाख रुपए हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बड़ी गांव निवासी शारदा त्यागी, उनके पति ओमप्रकाश त्यागी, सुदिता त्यागी व उनके पति अनिल त्यागी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता सुनील जैन, जो वर्तमान में पश्चिम विहार, दिल्ली में रहते हैं, ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 4 फरवरी 2015 को शारदा त्यागी से 125 गज के मकान का सौदा 12 लाख रुपए में किया था। सौदे के तहत शारदा ने एक इकरारनामा किया था, लेकिन बाद में उन्होंने रजिस्ट्री नहीं करवाई और मकान को 29 दिसंबर 2017 को अपने पति ओमप्रकाश के नाम वापस कर दिया। इसके बाद ओमप्रकाश ने 29 जून 2020 को मकान कीर्ति पत्नी नितीश गर्ग निवासी सेक्टर-14, सोनीपत के नाम कर दिया। जब सुनील जैन कुछ समय पहले मकान पर पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि ताला टूटा हुआ है और वहां किरायेदार रह रहे हैं। जब उन्होंने शारदा और ओमप्रकाश से इस बारे में पूछा, तो उन्होंने मकान बेचने की बात कही और पैसे वापस देने से मना कर दिया। आरोप है कि उन्होंने सुनील जैन को धमकी दी कि यदि उन्होंने मकान पर दोबारा दावा किया या पैसे मांगे, तो परिवार को जान से मरवा देंगे और उसके खिलाफ दुष्कर्म व छेड़खानी के झूठे आरोप लगाकर जेल भिजवा देंगे। पुलिस ने धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी से कहासुनी के बाद युवक लापता

**गन्नौर। पत्नी से** कहासुनी के बाद घर से बुलेट बाइक लेकर निकला युवक लापता हो गया। युवक की पत्नी ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में तमन्ना ने बताया कि उसका पति विनोद कुमार मुरथल रोड स्थित पार्क अस्पताल में एडमिन के पद पर कार्यरत है। वह पिछले तीन महीने से गांव टेहा में किराये पर रह रहे थे। 29 जनवरी की रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद विनोद अपनी बुलेट बाइक लेकर घर से चले गए। तब से उनका फोन भी बंद आ रहा है। अब तक कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# अधिवक्ता से मारपीट और जान से मारने की धमकी, केस दर्ज


**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गन्नौर कोर्ट** परिसर में एक अधिवक्ता के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता गांव अहीर माजरा निवासी राजीव यादव ने एसीपी गन्नौर को शिकायत देकर आरोपित सुंदर सिंह और उसके पिता राम किशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के अनुसार 31 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे एडवोकेट राजीव यादव अपनी मुवक्किल अखविंद्र कौर के साथ लिटिगेंट हाल में केस पर चर्चा कर रहे थे। उसी दौरान अखविंद्र कौर का पति सुंदर सिंह, वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने राजीव यादव का गला पकड़ लिया और बाहर खींचने की कोशिश की। अन्य वकीलों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। शिकायत में यह भी



आरोप लगाया गया कि थोड़ी दूरी पर खड़े सुंदर सिंह के पिता राम किशन ने भी गाली-गलौज की और कोर्ट से बाहर निकलते ही जान से मारने की धमकी दी। अधिवक्ता राजीव यादव ने बताया कि वह हृदय रोगी हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता की शिकायत पर थाना गन्नौर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हकेवि में फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 28 दिवसीय फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का समापन हो गया। इस ओरिएंटेशन एवं संवेदीकरण कार्यक्रम में देशभर के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन व्याख्यानों के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ह्मगुरु दक्षताह्म द्वारा सुझाए गए विभिन्न मॉड्यूल एवं विषयों का प्रशिक्षण दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने 02 जनवरी को कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुलपति ने देश, समाज और विद्यार्थियों के प्रति शिक्षक की जिम्मेदारी और विश्वसनीयता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न केवल शिक्षा के वर्तमान रुझानों को समझना आवश्यक है, बल्कि नव नियुक्त शिक्षकों की कार्य दक्षता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ के द्वारा मार्गदर्शन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. कांति प्रकाश शर्मा और डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि




फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को उच्च शिक्षा और इसकी पारिस्थितिकी, पाठ्यक्रम डिजाइनिंग, आउटकम आधारित शिक्षण और चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन तकनीक, व्यक्तिगत एवं भावनात्मक विकास और परामर्श, अनुसंधान, व्यावसायिक विकास और अकादमिक नेतृत्व, पर्यावरण चेतना और सतत विकास लक्ष्य जैसे विषयों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।
विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार और उप निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सत्रों में विचार-विमर्श, केस स्टडी के साथ इंटरैक्टिव सत्र, डॉक्यूमेंट्री, समूह गतिविधियाँ, आईसीटी सॉफ्टवेयर टूल्स का व्यवहारिक अनुभव प्रशिक्षण भी प्रतिभागियों को दिया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर जोर दिया।

# गरीबों का दर्द समझते हैं पीएम-सीएम : हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के 5 गांवों का धन्यवादी दौरा किया। लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने छपरा खेड़ा में गलियों के निर्माण कार्य तथा रसूलपुर खुर्द में हॉल और फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की सोच हर वर्ग के कल्याण की है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री गरीब परिवारों से निकले हैं। वे गरीबों का दर्द समझते हैं। सरकार का प्रयास है कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को



भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत आज घरौंडा हलका के गांव कलवेहड़ी, छपरा जागीर, छपरा खेड़ा, रसूलपुर खुर्द और रसूलपुर का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनके निपटारे के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने छपरा खेड़ा में 20 लाख की लागत से बनने वाली बीपीएल कॉलोनी की गलियों, रसूलपुर खुर्द में 20 लाख से एससी चौपाल में हॉल और 35 लाख की लागत से बनने वाली फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों ने जीवन में बहुत संघर्ष किया। वे गरीब परिवारों से निकले हैं और गरीबों का दर्द समझते हैं। इसी कारण सबका साथ.सबका विकास के नारे के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिये नीतियां बनाकर अमल में लाई गईं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तरक्की कर रहा है। स्पीकर ने लोगों से वादा किया कि अगले 5 साल में न केवल हलके में नये विकास कार्य शुरू कराये जायेंगे बल्कि कोरोना काल के अधूरे कामों को भी पूरा कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर पिछले दस सालों में हर वर्ग के कल्याण के लिये काम किया है। घरौंडा हलका में मेडिकल यूनिवर्सिटी इसी साल शुरू हो जायेगी। इससे बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा। इसका चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जायेगा। रिंग रोड का निर्माण पूरा होने के बाद तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। इनके सेवायें ऑनलाइन करने से भ्रष्टाचार कम हुआ है। पेंशन राशि बुजुर्गों के खाते में और फसलों की राशि किसानों के खाते में सीधे पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक समय ऐसा था जब नौकरियों के मामले में जिसका लाठी, उसकी भैंस वाला मुहावरा चरितार्थ होता था, पर अब ऐसा नहीं है। मेरिट के आधार पर नौकरियां प्रदान की जा रही है। उन्होंने मकानों के लिये पात्र लोगों से संयम रखने की अपील की और कहा कि जिनके मकानों की हालत ज्यादा खस्ता है उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। चरणबद्ध तरीके से बाकी पात्र लोगों का भी नंबर आयेगा।

# रौनक पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई। इस अवसर पर अध्ययनशील छात्र के रूप में दीक्षित और छात्रा के रूप में साक्षी को चुना गया। इसके अतिरिक्त,मिस्टर आर पी एस के रूप में स्पर्श, मिस आर पी एस के रूप में माही, खेल योद्धा आर पी एस के रूप में अंकुश को चुना गया। आर पी एस टेक विज के रूप मे ईशू चुना गया। कक्षा 12वीं की छात्रा अनीशा को श्रेष्ठ चित्रकार के रूप में चुना गया, जबकि मिस आर पी एस इवनिंग स्टार के रूप में भूमि और मिस्टर




आर पी एस इवनिंग स्टार के रूप में अक्षित को चुना गया। मिस्टर फेयरवैल कृष को व मिस फेयरवैल उन्नति को चुना गया। इस अवसर पर अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए, जिनमें गाने, नृत्य, खेल व नाटक आदि शामिल थे। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदाई समारोह के दौरान, छात्रों को स्मृति चिन्ह दिए गए। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि विदाई समारोह एक ऐसा पल होता है जिसमें बच्चों के बचपन की सभी यादें उनके सामने आ जाती हैं।

## संपादकीय

# ऋतुराज वसन्त, सरस्वती और सारस्वत भारत

**वसन्त की** आहट है। उसकी पगचाप सुनाई पड़ने लगी है। रूप-रंग-रस और सौरभ से समृद्ध हुई धरती अपने हृदय का सञ्चित राग उड़ेल देने को मानो उत्सुक है। हो भी क्यों न ! वसन्त सभी ऋतुओं का अधिपति जो है, यह ऋतुराज है। इसका आश्रय पाकर चराचर जगत में सर्वत्र माधुर्य और मनोहरता का प्रसार हो जाता है। वेदों के अनुसार वसन्त इस सृष्टि-यज्ञ का घृत है-वसन्तोऽस्यासीदाज्यं।यह ब्रह्माण्ड जिसमें हमारा जीवन अधिष्ठित है, वसन्त इसका घी है, ग्रीष्म ईंधन है और शरद हवि है। वसन्त के घी होने में उसका वैशिष्ट्य निहित है। घी स्नेह है, यह रस का-राग का कारक है। महाकवि कालिदास इस वसन्त को प्रिय कहते हैं- ह्यसर्वं प्रिये चारुतरं वसन्ते। मैथिल-कोकिल विद्यापति भी वसन्त का गुणगान करने से चूकते नहीं। वे वसन्त के जन्म की कथा कहते हैं। उनके अनुसार श्रीपञ्चमी वसन्त-प्रसवा तिथि है। नौ महीने और पाँच दिन के बाद वह शिशु वसन्त को प्रकट करने वाली है। वसन्त के जन्म के सुन्दर रूपक के साथ विद्यापति वसन्त के राजकीय वैभव का वर्णन करते हुये कहते हैं- ह्यआएल रितुपति राज बसंत। ऋतुओं के राजा वसन्त का आगमन हुआ। उसके आगमन पर केसर के पुष्पों ने स्वर्णदण्ड को धारण किया। वृक्षों के नए पत्ते राजा के लिए आसन बने। राजा वसन्त के सिर पर चम्पा के पुष्पों का छत्र सजाया गया है। आम्र मञ्जरी ऋतुराज के सिर का मुकुट बनी हुई है और कोयल उसके सामने पंचम स्वर में गा रही है। पक्षियों का समूह वहाँ आकर आशीर्वाद के मन्त्र पढ़ने लगा। कुन्द लता ने राजा वसन्त की पताका का रूप धारण कर लिया है। पलाश के पत्ते तथा लवंग लता ने एक होकर धनुष व उसकी डोरी का रूप धारण कर लिया है। राजा वसन्त के इन अस्त्र-शस्त्रों को देखकर शत्रु शिशिर ऋतु की सेना भाग खड़ी हुई। इसी सुराज्य और सुशासन में प्रकट होती हैं देवी सरस्वती। सरस्वती जो वाणी की अधिष्ठात्री देवी हैं। बुद्धि-विद्या और समस्त बोध-विज्ञान की जननी हैं। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में सरस्वती को शास्त्रों की जननी, शुद्ध शान्तस्वरूपा एवं कविगण की इष्ट देवी कहा गया है।

**सस्मिता सुदती वामा सुन्दरीणाञ्च सुन्दरी। श्रेष्ठा श्रुतीनां शास्त्राणां विदुषां जननी परा॥**
**वागधिष्ठातृदेवी सा कवीनामिष्टदेवता। शुद्धसत्त्वस्वरूपा च शान्तरूपा सरस्वती॥**

अपनी ज्ञान-परम्परा के कारण विश्व भर में समादृत भारत देश में सरस्वती भारती कहलाती हैं। भारती जो भारत को धारण करती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त को देखते हुये यह अद्भुत बात सामने आती है कि वाग्देवी कहती हैं कि मैं ही राष्ट्री अर्थात राष्ट्र को धारण करती हुई इसकी स्वामिनी हूँ। मैं ही यज्ञ करने वालों की पहली आकांक्षा हूँ। देवता मेरा ही सर्वत्र अनुसन्धान करते हैं और मैं ही आत्मसाक्षात्कार पूर्वक समस्त समृद्धि को प्रदान करने वाली हूँ। रुचि और राग से समृद्ध ऋतुराज वसन्त के प्राकट्य के समय ही देवी सरस्वती के प्राकट्य का प्रसंग हमें प्राप्त होता है। शास्त्रीय व्यवस्था के अनुसार माघ शुक्लपक्ष में लक्ष्मी की प्रिय श्री देने वाली जो ह्यश्रीपञ्चमीह्न कहलाती है उसी तिथि को पूर्वाह्न में देवी सरस्वती का उत्सव किया जाना चाहिये।

# अंतरिक्ष में सिरमौर बन रहा है भारत !

सुनील कुमार महला

> "हाल ही में श्री सोमनाथ का स्थान लेते हुए डॉ. वी. नारायणन ने 13 जनवरी 2025 को ही इसरो के अध्यक्ष,अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है।सच तो यह है कि इसरो के नए प्रमुख डॉ. वी. नारायणन के कार्यकाल और वर्ष 2025 का यह पहला अभियान है। उल्लेखनीय है कि इसरो 1969 में स्थापित किया गया था, और कभी इसरो को अपने रॉकेट ले जाने के लिए साइकिल तक का इस्तेमाल करना पड़ा था। यही नहीं, 1981 में भारत ने जब अपना छठा सैटेलाइट एप्पल लॉन्च किया था, तब इसे पैलोड तक बैलगाड़ी से ले जाना पड़ा था।सच तो यह है कि इसरो ने साइकिल और बैलगाड़ी पर ले जाने के युग से लेकर चंद्रमा तक अपनी पहुंच बनाने तक के सफर में रचा है।"

**29 जनवरी** 2025 बुधवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) ने इतिहास रच दिया। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो के श्री हरिकोटा से ऐतिहासिक 100वां प्रक्षेपण सफल रहा है। हालांकि,100वां प्रक्षेपण 46 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हुआ है, लेकिन यह बड़ी उपलब्धि है।उल्लेखनीय है कि सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएलवी) 10 अगस्त, 1979 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च होने वाला पहला बड़ा रॉकेट था। बहरहाल,आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में 29 जनवरी 2025 को सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर एनवीएस-02 को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। कहना गलत नहीं होगा कि भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। वास्तव में यह हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाला पल रहा। इसरो की यह उपलब्धि दिखाती है कि भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नित नवीन बुलंदियों को छू रहा है। यह भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण/शोध के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और बढ़ती क्षमता/ताकत को भी बखूबी प्रमाणित करती है। गौरतलब है कि हाल ही में श्री सोमनाथ का स्थान लेते हुए डॉ. वी. नारायणन ने 13 जनवरी 2025 को ही इसरो के अध्यक्ष,अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है।सच तो यह है कि इसरो के नए प्रमुख डॉ. वी. नारायणन के कार्यकाल और वर्ष 2025 का यह पहला अभियान है। उल्लेखनीय है कि इसरो 1969 में स्थापित किया गया था, और कभी इसरो को अपने रॉकेट ले जाने के लिए साइकिल तक का इस्तेमाल करना पड़ा था। यही नहीं, 1981 में भारत ने जब अपना छठा सैटेलाइट एप्पल लॉन्च किया था, तब इसे पैलोड तक बैलगाड़ी से ले जाना पड़ा था।सच तो यह है कि इसरो ने साइकिल और बैलगाड़ी पर ले जाने के युग से लेकर चंद्रमा तक अपनी पहुंच बनाने तक के सफर में रचा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछले साल 23 अगस्त वर्ष 2024 में



चंद्रयान-3 ने चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग करके इतिहास रच दिया था और ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। कितनी बड़ी बात है कि सीमित संसाधनों के बावजूद असाधारण सफलताएं अर्जित करने वाले इसरो ने हमेशा अपनी वैज्ञानिक दक्षताओं और नवाचारों से पूरी दुनिया को चौंकाया है। हमारे लिए इससे बड़ी और बेहतर बात भला और क्या हो सकती है कि हमारे देश भारत ने हॉलीवुड फिल्म ग्रेविटी से भी कम बजट में मंगल मिशन को लॉन्च किया था। हाल फिलहाल, इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने यह बात कही है कि- 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी अगले पांच वर्षों में 100 मिशन लॉन्च करने के लिए काम करेगी।' मतलब यह है कि इसरो का अगले पांच वर्षों में लक्ष्य 100 मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य है। पाठकों को बताता चलूं कि 100 वें मिशन के लॉन्च के बाद इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, 'आज हमने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।' उन्होंने कहा, 'इसरो की टीम की कड़ी मेहनत और टीम वर्क से इसरो का 100वां प्रक्षेपण सफलतापूर्वक पूरा हुआ है।' गौरतलब है कि भारत का अपना नेविगेशन सिस्टम है। दरअसल, जीएसएलवी-एफ-15 पेलोड फेयरिंग में 3.4 मीटर व्यास वाला एक धातु संस्करण था और इसने एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित किया।

एनवीएस-02 नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन सिस्टम के लिए दूसरी पीढ़ी के उपग्रहों का हिस्सा है। यह एनवीएस-02 का 5वां उपग्रह है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में, इनमें से चार उपग्रह चालू हैं। बहरहाल,इसरो के चैयरमेन ने यह बात कही है कि उन्हें हाल फिलहाल इस साल लॉन्च के लिए चंद्रयान 3 और 4 जैसे कई प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी मिल गई है। उन्होंने यह बात कही है कि 'इस साल के लिए बहुत सारे मिशन तैयार हैं।' गौरतलब है कि उन्होंने नए कुलसेकरपट्टिनम लॉन्च पैड का भी उल्लेख किया है। दरअसल, तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में स्थित, इस स्पेसपोर्ट का निर्माण माइक्रोसैटेलाइट और नैनोसैटेलाइट जैसे छोटे उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए किया जा रहा है। नारायणन ने कहा है कि , 'दो साल के भीतर कुलसेकरपट्टिनम लॉन्च पैड में सभी सुविधाएँ तैयार हो जाएंगी। उसके बाद हम वहाँ से सभी तरह के मिशन लॉन्च करने की उम्मीद करेंगे।' बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज भारतीय वैज्ञानिकों का कोई सानी नहीं है और भारतीय मेधा अंतरिक्ष के क्षेत्र में पूरी तन्मयता,लगन और निष्ठा से काम कर रही है। सच तो यह है कि इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन आज स्पेस में नई इबारत लिख रहा है। ऊपर बता चुका कि हम चांद पर कदम रख चुके हैं। चांद के उस कोने तक जा चुके हैं, जहां आज तक कोई नहीं जा पाया है। इतना ही नहीं,अब तक हम सूरज के नजदीक भी पहुंच चुके हैं।आदित्य-एल1, 1.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी से सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित वेधशाला श्रेणी का भारतीय सौर मिशन है। आज भारत एआई के क्षेत्र में भी लगातार आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में हम एआई की मदद से अंतरिक्ष के क्षेत्र में और अधिक उपलब्धियां हासिल करेंगे,ऐसी संभावनाएं हैं। बहरहाल,सौवें मिशन के रूप में जीएसएलवी-एफ 15 की सफलता यही साबित करती है कि भारत की अंतरिक्ष एजेंसी अब वैश्विक अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा में भी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

आज पूरी दुनिया भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी और इसके वैज्ञानिकों का लोहा मान रही है। विदेशों ने हमारी अंतरिक्ष क्षमताओं पर भरपूर विश्वास जताया है और आज अनेक विदेशी उपग्रहों को इसरो द्वारा लांच किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस संबंध में कुछ समय पहले ही केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी थी कि इसरो ने अपनी वाणिज्यिक शाखा के जरिये वैश्विक ग्राहकों के लिए उपग्रहों को प्रक्षेपित करके 27.90 करोड़ डालर की विदेशी मुद्रा अर्जित की है। वास्तव में यह हमारे देश की एक बड़ी उपलब्धि है। हाल फिलहाल, इसरो का ताजा अभियान और इससे पहले के भी कई अभियान अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदमों की ओर इशारा करते हैं। यह बताता है कि इसरो लगातार अंतरिक्ष में बड़ी छलांग की ओर अग्रसर है। आने वाले समय में हम अंतरिक्ष में विश्व में सिरमौर देश होंगे।कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

## कविता

### जिद्दी व्यक्तित्व

तुम कितनी भी कोशिश करो
बिखराने की हमें
हम बिखर कर भी
फिर से जुड़ जाएगे।

तुम कितनी भी कोशिश करो
जलाने की हमें
हम जली राख से भी
अपना मका बना लेंगे।

तुम कितनी भी कोशिश करो
राहों मे गिराने की हमें
हम गिर कर भी
फिर उठ चल पड़ेगे।

तुम कितनी भी कोशिश करो
हमें हराने की
हम हार कर भी
फिर अपना मुकाम जीत जाएंगे।

डॉ.राजीव डोगरा

## प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व बसन्त पंचमी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**बसंत पंचमी,** प्रकृति और ज्ञान के संगम का पर्व है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर प्रकृति का खिलना और नई फसल आना भी देखा जाता है। बसंत पंचमी एक बहुआयामी त्योहार है जो वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और समृद्ध परंपराओं, कृषि महत्व और आध्यात्मिक प्रथाओं से भरा हुआ है। यह एक ऐसा दिन है जब प्रकृति की जीवंतता, देवी सरस्वती की भक्ति और कृषि समुदाय का जीवन उत्सव की एक खूबसूरत तस्वीर में एक दूसरे से जुड़ जाता है। वसंत शब्द का अर्थ है बसंत और पंचमी का पांचवें दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवे दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसन्त उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है। भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है। बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है।

## विचार

### दीमक सरीखा चाट रहा एकल परिवारों का चलन।

**प्रियंका सौरभ**

**एकल** परिवारों के बढ़ते प्रभाव ने, जिसमें माता-पिता और बच्चों के छोटे परिवार शामिल हैं, अपने स्वयं के परिवार के समूह को काफी प्रेरित किया है, विशेष रूप से मूल्यों को विकसित करने में इसके पारंपरिक कार्य को। शहरीकरण, वित्तीय दबावों और व्यक्तिवादी जीवन शैली के माध्यम से प्रेरित इस बदलाव ने मूल्यों को हस्तांतरित करने के तरीके को बदल दिया है। जबकि एकल परिवार स्वतंत्रता और निजी विकास की अनुमति देते हैं, इसके अलावा उन्हें सांस्कृतिक, नैतिक और नैतिक मूल्यों को प्रसारित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो पहले विस्तारित स्वयं के परिवार के ढांचे के माध्यम से मजबूत होते थे। मूल्यों को विकसित करने के लिए एक संस्था के रूप में परिवार पर प्रभाव मूल्य संचरण में विस्तारित परिवार की भूमिका कम हो गई है। पारंपरिक संयुक्त परिवारों में, दादा-दादी, चाचा और चाची ने कहानी सुनाने, सलाह देने और बड़ों के लिए पहचान और नेटवर्क भावना जैसे सामूहिक मूल्यों को लागू करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकल परिवारों के साथ, यह अंतर-पीढ़ीगत सम्बंध कमजोर हो गया है, जिससे बच्चों के विभिन्न दृष्टिकोणों के संपर्क में आने पर रोक लग गई है। कन्फ्यूशियस ने सद्गुण की पहली क्षमता के रूप में अपने परिवार के सदस्यों पर जोर दिया। बहु-पीढ़ीगत जीवन की गिरावट भी इस नैतिक शिक्षा को कमजोर कर सकती है। एकल परिवारों में, माता-पिता मूल्यों की आपूर्ति का पूरा बोझ उठाते हैं, नियमित रूप से पेशेवर प्रतिबद्धताओं के साथ इसे जोड़ते हैं। इससे समय की कमी या तनाव के कारण कमी आ सकती है। शहरी एकल परिवार सहानुभूति या धैर्य की कोचिंग पर शैक्षिक पूर्ति को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिससे बच्चों में व्यक्तिवादी दृष्टिकोण पैदा होता है। एकल परिवार स्वायत्तता, निर्णय लेने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जो वर्तमान सामाजिक मांगों के साथ संरेखित होते हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को व्यक्तिगत और सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक गुणों के रूप में महत्त्व दिया, जिसे एकल परिवार प्रभावी रूप से बेचते हैं। एकल परिवार अक्सर अपने परिवार की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे निस्संदेह सामूहिक मूल्यों जैसे कि साझा करना, त्याग करना और आपसी सहायता के प्रति जागरूकता कम हो जाती है, जो संयुक्त परिवार व्यवस्था के लिए आवश्यक थे। त्यौहार, जो कभी संयुक्त परिवारों में नेटवर्क और सांस्कृतिक बंधन को मजबूत करते थे, अब एकांत में मनाए जाने लगे हैं। जबकि पारंपरिक व्यवस्थाएँ कमजोर होती जा रही हैं, एकल परिवार शिक्षा के लिए स्कूलों, साथियों के समूहों और आभासी प्रणालियों पर अधिक से अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। हालाँकि, निजी सलाह की कमी से नैतिक विकास में भी कमी आ सकती है। एकल परिवारों में, एक से अधिक पदों के मॉडल की अनुपस्थिति बच्चों की कई गुणों को देखने और उनका अध्ययन करने की क्षमता को भी सीमित कर सकती है। एकल परिवारों के बढ़ते जोर ने मूल्यों को विकसित करने में परिवार की स्थिति को नया रूप दिया है। स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए, यह अक्सर विस्तारित परिवारों द्वारा प्रदान की गई सामूहिक जानकारी और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को कम करता है। इस अंतर को पाटने के लिए, एकल परिवारों को सुखद पालन-पोषण, नेटवर्क कनेक्शन को बढ़ावा देने और जिम्मेदारी से आधुनिक उपकरणों का लाभ उठाने पर जोर देते हुए सचेत रूप से अनुकूलन करना चाहिए। जैसा कि कन्फ्यूशियस ने कहा, "राज्य की ऊर्जा घर की अखंडता से प्राप्त होती है," इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि परिवार, चाहे किसी भी संरचना में हों, नैतिक नागरिकों को आकार देने के लिए मूल्यवान बने रहते हैं। एकल परिवार-परिवार प्राइमेट मानव समाज की एक "जैविक" घटना है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### पंजाब: ग्राम पंचायत का फैसला और मृत्युभोज

**अमरपाल सिंह वर्मा**
**स्वतंत्र पत्रकार**

**पंजाब के बठिंडा जिले** की एक ग्राम पंचायत ने किसी की मृत्यु के उपरांत अंतिम अरदास के मौके पर आयोजित किए जाने वाले भोग कार्यक्रम में जलेबी-पकौड़े जैसे पकवान बनाने पर रोक लगाने का निर्णय किया है। रामपुरा फूल के निकट ढिक्ख गांव की पंचायत ने हाल में यह कदम फिजूलखर्ची को रोकने और शोक रस्मों में सादगी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया है। पंचायत ने आदेश दिया है कि इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर 21,000 रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। जुमार्ने की रकम गांव के बुनियादी ढांचे की मरम्मत और जरूरतमंद परिवारों की सहायता में खर्च की जाएगी। इस पंचायत का यह फैसला न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि यह सामाजिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी कही जा सकती है। यह निर्णय समाज में व्याप्त उस परंपरा पर सवाल उठाता है, जो मृत व्यक्ति की आत्मिक शांति के नाम पर मृत्युभोज पर भारी-भरकम खर्च करा कर परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ देती है। इस पंचायत ने भी इस बात पर जोर दिया कि शोक रस्मों में दिखावे और फिजूलखर्ची से परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

मृत्युभोज एक प्रथा है जो भारत के विभिन्न हिस्सों में प्राचीन समय से चली आ रही है। इसमें शोक संतप्त परिवार को मृत्यु के बारहवें, तेरहवें दिन या अन्य अवसरों पर सैकड़ों और कभी-कभी तो हजारों लोगों को भोज देने के लिए मजबूर किया जाता है। इस प्रक्रिया में लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं। कई बार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार इस परंपरा को निभाने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। पंजाब में किसी समय मृतक की अंतिम अरदास के समय रिश्तेदारों, निकट संबंधियों के लिए सादे भोजन का प्रबंध किया जाता था लेकिन हाल के सालों में इसने भव्य रूप ले लिया है। अंतिम अरदास के समय स्टॉलों पर विभिन्न प्रकार के भोजन सजे देखकर यह तय कर पाना मुश्किल हो जाता है कि हम किसी की अंतिम अरदास में शामिल होने आए हैं या फिर किसी शादी की रौनक बढ़ाने? हमारे समाज में मृत्युभोज एक ऐसी सामाजिक बुराई है।

### कचरा संस्कृति: जब घरों में गंदगी बनी गर्व का प्रतीक

**डॉ. सुरेश कुमार**

भारत में सरकारी योजनाओं की कोई कमी नहीं है। हर बार चुनावों के पहले और बाद में, नये-नये जुमले और योजनाएँ सामने आती हैं। ऐसे में, यह कहानी एक ऐसी योजना के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वाकई में सबको चौंका देती है। एक दिन, एक मंत्री जी अपनी टीम के साथ बैठक कर रहे थे। उनके सामने एक बड़ा मुद्दा था–स्वच्छता। सब लोग सोच रहे थे कि कैसे गंदगी को दूर किया जाए। तभी एक नए सलाहकार ने कहा, "सर, हम क्यों न एक नई योजना बनाएं–'हर घर में कचरा'।" मंत्री जी ने उसे अजीब नजरों से देखा, "क्या तुम पागल हो गए हो? हम कचरा फैलाना नहीं, साफ करना चाहते हैं।" सलाहकार ने मुस्कुराते हुए कहा, "नहीं सर, आप समझ नहीं रहे। इससे हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ा देंगे। अगर हर घर में कचरा होगा, तो लोग उसे साफ करने के लिए प्रेरित होंगे।" सब लोग एक-दूसरे की ओर देखने लगे। यह विचार अजीब था, लेकिन कुछ ने सोचा, "चलो, इसे एक बार आजमाते हैं।" जल्द ही, "हर घर में कचरा" योजना का जोरदार प्रचार किया गया। टीवी पर विज्ञापन आने लगे। "आपका घर भी कचरा रखने का हकदार है!"–इस तरह के नारे सुनाई देने लगे। लोग हंसते और मजाक उड़ाते, लेकिन मंत्री जी का मानना था कि यह योजना कामयाब होगी। लोगों को कचरा रखने के लिए विशेष डस्टबिन दिए जाने लगे, जिन पर बड़े-बड़े स्लोगन लिखे थे–"यहाँ कचरा डालें, फिर स्वच्छता का जश्न मनाएँ!" पहली बार ऐसा हुआ था कि कचरे को कचरा नहीं, बल्कि एक उपलब्धि मानने का प्रयास किया गया। इसके बाद, पूरे देश में 'कचरा जन जागरूकता कार्यक्रम' शुरू किया गया। हर गाँव, हर शहर में रैलियाँ आयोजित की गईं। कचरा फेंकने वालों को शाबाशी दी गई, और जो लोग अपने घरों में कचरा नहीं रखते थे, उन्हें समझाया गया कि वे सरकार के इस महान प्रयास का हिस्सा नहीं बन रहे। कुछ अजीब दृश्य देखने को मिले–लोग कचरे के साथ सेल्फी ले रहे थे। बच्चे कचरे से खेल रहे थे और बड़े लोग कचरा जमा करने की प्रतियोगिता कर रहे थे।

## न्यूज फ्लैश

### बैंक कर्मचारियों पर सरकारी आदेशों की पालना न करने का आरोप

**सोनीपतः सिविल लाइन थाना** क्षेत्र में कोटक महिंद्रा बैंक के शाखा प्रबंधक समेत दो अधिकारियों पर तहसीलदार ने उनके पत्र के बावजूद सरकारी राशि ट्रांसफर नहीं करने के आरोप का मामला सामने आया है। प्रशासनिक अधिकारी का आरोप है कि बैंक में पत्र लिखने व मौखिक रूप से कई बार कहने के बाद भी जब राशि केनरा बैंक की शाखा में ट्रांसफर नहीं की गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहसीलदार जिवेंद्र मलिक ने पुलिस को बताया कि उनके नाम से एक बैंक खाता सोनीपत के एटलस रोड स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा में है। वह बैंक खाते में जमा सरकारी राशि 14,04,05,764 रुपये को केनरा बैंक की शाखा में स्थानांतरित करना चाहते थे। केनरा बैंक का खाता शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल, तहसीलदार और एसडीएम के नाम पर है। उन्होंने राशि को केनरा बैंक के खाते में ट्रांसफर करने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा में 23 व 30 दिसंबर, 2024 को पत्र लिखा था। उसके बावजूद सरकारी राशि को केनरा बैंक के खाते में स्थानांतरित नहीं किया गया। इसके बाद कई बार मौखिक और फोन पर भी कहा गया, लेकिन बैंक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। तहसीलदार की तरफ से इसे लेकर 22 जनवरी को पुलिस को शिकायत दी गई। उन्होंने बैंक के प्रबंधक सचिन व एआरएम ललित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दोनों पर प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करने और सरकारी धन को गैर-कानूनी तरीके से अपने पास रखने के आरोप थे। तहसीलदार की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। जांच अधिकारी एचसी रवि कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### युवक का अपहरण कर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर नदी में फेंककर हत्या का प्रयास का आरोप

**सोनीपतः बहालगढ़ थाना क्षेत्र** में दोस्त को फाइनेंस कर बाइक दिलाने के बाद रुपये मांग रहे युवक का अपहरण कर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाने के बाद हाथ बांध कर रोहतक के पास नदी में फेंककर हत्या प्रयास का मामला सामने आया है। किसी तरह युवक बच गया। आरोपितों के खिलाफ शिकायत देने के लिए चक्कर काटता रहा, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं हुई। सीएम विडों में शिकायत देने के बाद बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अंबेडगर कॉलोनी खेवड़ा निवासी धमेंद्र ने बताया कि करीब एक साल पहले अपनी आइडी पर प्रवीण नाम के युवक की बाइक केनरा बैंक से फाइनेंस करवाई थी। उसके खाते से 5500 रुपये की मासिक किस्त कट रही थी। प्रवीन ने गुपचुप तरीके से बाइक को बेच दिया।

उसने 30 मई, 2024 को प्रवीण से संपर्क किया तो उसने उसे सीआरपीएफ कैंप के पास बुलाया और अपने साथ इको गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी प्रवीन का साथी साहिल चला रहा था। दोनों गैस भरवाने के बहाने उसे दिल्ली बार्डर पर ले गए। वहां उसे धोखे से कोल्ड में नशीला पदार्थ पिला दिया। होश आने पर उसने खुद को रस्सियों से बंधा हुआ रोहतक के धामड़ गांव के पास नदी में गिरा पाया। लोगों ने उसे बचाया और पुलिस को सूचना दी। घटना में पीड़ित का मोबाइल फोन और 350 रुपये भी गायब मिले।

### गिरफ्तार चारों आरोपियों को लिया पुलिस रिमाण्ड पर

**पंचकूल।** इस मामले में पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी राकेश कुमार लिपिक कार्यालय डी.डी.पी.ओ., पलवल ने बताया कि उसने अपने हिस्से में आई उपरोक्त गबन की राशी से अपने पिता, माता व भाभी के नाम पर गांव हसनपुर जिला पलवल में दिनांक 9.1.2025 व 20.1.2025 को 19 एकड 28 मरला कृषि भूमि 21,73,19,010/-रू में खरीदी है। इस राशी में से उसके द्वारा 12 करोड रू. नकद राशी के रूप मे अदा की गई है।

इसी प्रकार आरोपी शमशेर सिंह, सेवानिवृत एस.ओ. ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने भी अपने हिस्से में आई गबन की राशी से अपनी पत्नी के नाम कलायत, जिला कैथल में लगभग 3 एकड 15 मरला कृषि भूमि जुन/जुलाई 2024 में कुल 1,15,00,000/-रू0, में खरीद की है।

# कड़ी मेहनत से लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधानः नरेन्द्र पाल

## शासन व प्रशासन के प्रयासों से जनता को मिल रहा जनता समाधान शिविर का लाभः एसपी लोकेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह की सकारात्मक सोच से प्रदेश के नागरिकों का भाग्य उदय हो रहा है। नागरिकों के मन में सरकार की कार्य प्रणाली के प्रति और विश्वास बढ़ा है। जिस प्रकार से लोगों के कार्य उचित समय पर हो रहे हैं उससे प्रदेश में सरकार की छवि और मजबूत होती जा रही है। शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने कहा कि जिले के लोग पूरे विश्वास के साथ रोजाना जनता समाधान शिविर में पहुंचते हैं व अपनी समस्याओं का समाधान



तत्काल करवाते हैं। हमें खुशी है कि अधिकारियों की कड़ी मेहनत का लाभ आम जन को मिल रहा है व उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान हो रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि इस परंपरा को हमें अपने कार्यालयों में भी जारी रखना। कार्यालयों में अगर कोई व्यक्ति अपनी समस्या का समाधान कराने को लेकर आता है तो समाधान शिविर की तरह वहां भी उसकी समस्या का हमें समाधान करना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हम पूरे समय डयूटी करके इतना पुण्य नहीं कमाते जितना मात्र दो घंटे में दूर दराज से आये लोगों की समस्याओं का समाधान करके कमाते हैं। लागों से मिल रही दुआओं का हमें भी लाभ मिलेगा हमें इसको ध्यान में रख कर लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करना चाहिये। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि समाधान शिविर में लोगें द्वारा ज्यादातर वहीं समस्याएं दी जाती है जो मुख्य रूप से हमारे विभागों से जुड़ी हुई होती है। हमें समस्या के समाधान की पूरी जानकारी है इसमें देरी नहीं होनी चाहिये। हमें अपने अनुभव का लाभ जनता को पहुंचाना चाहिये यही हमारी डयूटी है और यही हमारा धर्म है।

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि शासन व प्रशासन दोनों की इच्छा जनता की समस्याओं के समाधान की है।

## 12 ज्योतिर्लिंग,4 धाम व 12 शक्तिपीठ की निकाली गई महासंगम यात्रा



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**अन्तरराष्ट्रीय मंदिर** प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस महासंगम यात्रा की शुरूआत राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग द्वारा दिल्ली के साऊथ अवेनयू 67 से हवन यज्ञ व बाबा भोले नाथ जी के जयघोष के साथ की गई व उसके बाद बाबाभोलेनाथ शिवसम्भू महादेव के 108 त्रिशूल,नरमदेश्वर महादेव शिवलिंग की 21 दिन की जलाभिषेक एवं पूजा के पावन पवित्र कार्यक्रम में संगम तट् पर महाकुंभ के पावन पर्व पर विशेष आयोजन किया गया।

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के संयोजक व अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय के नेतृत्व में 108 शिवालयों के उत्थान एवं युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए हमारी 12 ज्योतिर्लिंग एवं 4 धाम की यात्रा के साथ 108 त्रिशूलों ,नरमदेश्वर महादेव शिवलिंग की 21 दिन नियमित जलाभिषेक एवं पूजा रोजाना सुबह शाम भंडारे के साथ शुरू हो चुकी है। इस दौरान दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यह यात्रा इतिहास में पहली बार अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा चलाई गई हैं।

## सड़क हादसों में एक युवक-युवती की मौत

**सोनीपतः** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में बहालगढ़-बागपत रोड और लिवासपुर के पास हुए सड़क हादसों में एक युवक और युवती की मौत हो गई। दोनों की अलग-अलग कंपनियों में काम करते थे। युवक ड्यूटी खत्म कर लौट रहा था। जबकि युवती को उसका जानकार बाइक पर कंपनी में छोड़ने जा रहा था। शिकायत पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। न्यू विहार कालोनी की रहने वाली ममता जीटी रोड पर स्थित कंपनी में काम करती थी। बृहस्पतिवार की सुबह कच्चे क्वार्टर में रहने वाला उसका जानकार विशेक उसे बाइक पर कंपनी में छोड़ने के लिए जा रहा था।

# एनएसएस शिविर आयोजित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय में आज एनएसएस के केम्प का पांचवा दिन था। जिसमें यूथ फॉर माई भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। यूथ फॉर माई भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि अनीश जांगड़ा द्वारा विषय पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत स्वायत्त निकाय है जिसे भारत सरकार द्वारा युवा विकास वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक संस्थागत तंत्र प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।



शिविर का आयोजन व्यावहारिक सीखने के अनुभव और स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने के लिए किया गया था। यह सरकारी पोर्टल है जो 15 से 29 वर्ष की आयु के गतिशील युवा जनसंख्या की जरूरत को पूरा करने के लिए सावधानी पूर्वक डिजाइन किया गया है। इसमें उन्होंने डिजिटल इंडिया के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक स्कीमों से बच्चों को अवगत कराया इसके साथ उन्होंने अनेक क्षेत्रों में डिजिटल इंडिया के फायदे व नुकसान से बच्चों को अवगत कराया और डिजिटल फ्रॉड से कैसे बचे इसकी जानकारी दी ।

इसके पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन गुलिया ने कहा कि एनएसएस इसके माध्यम से युवाओं को स्वयंसेवी अवसर प्रदान करता है जिसमें सामाजिक नेतृत्व सामुदायिक कौशल के विकास को बढ़ावा देने वाले आकर्षक स्वयंसेवी अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार के सहयोग करना सीखता है । प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं जैसे डिजिटल इंडिया के राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन, डिजिटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान इत्यादि चलाई गई है।

## चांदी की पाजेब चोरी करने वाल दो काबू



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**थाना सदर पुलिस** टीम ने धर्मगढ़ गांव में जेवर घोने के बहाने महिला की चांदी की पाजेब चोरी करने वाले दो आरोपियों को वीरवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर रेर कलां गांव से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गौरव व रितिका निवासी जमुनिया भागलपुर बिहार हाल किरायेदार पाल मार्केट रिफाइनरी के रूप में हुई। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया उन्होंने जेवर धोने के बहाने चोरी की चांदी की एक जोड़ी पाजेब राह चलते अज्ञात युवक को 2 हजार रूपए में बेच दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की पाजेब बेचकर हासिल की 2 हजार रूपए की नगदी व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर शुक्रवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# अधिकारी व कर्मचारी बिना कोर्ट में उपस्थित हुए देंगे ऑनलाइन गवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन) एक जुलाई 2024 से** तीन नए आपराधिक कानून लागू हो चुके है। नए कानूनों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था भी की गई है कि माननीय न्यायालय में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के जरिये भी गवाही हो सकेंगी। जिससे गवाह बिना कोर्ट में उपस्थित हुए डिजीटल माध्यम से गवाही दे सकता है। जिला पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में इसे लागू करने के लिए पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह



के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने विगत बुधवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में थानों के मुंशी व अनुसंधानकताओं की बैठक लेकर उन्हें गवाही देने की प्रक्रिया समझा प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को तकनीकी, कानूनी और व्यावहारिक पहलूओं पर गहन जानकादी दी, ताकि वे इस प्रक्रिया को सुगमता से अपनाकर गवाही प्रस्तुत कर सकें। उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने बताया कि इस नई व्यवस्था से पुलिसकर्मियों को गवाही के लिए न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे उनका समय बचेगा और वे अपनी अन्य जिम्मेंदारियों पर भी अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। ऑनलाइन गवाही के लिए जिला के सभी थाना में रिमोट प्वाइंट रूम तैयार किये गए है। इसमे टीवी स्क्रीन, स्पीकर, माइक, कैमरा, टेबल, कुर्सी इत्यादी की व्यवस्था की गई है। पुलिसकर्मी अब रिमोट प्वाइंट रूम में बैठकर अपनी गवाही डिजीटल तरिके से विडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे। उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि यह कदम खासतौर पर पुलिसकर्मियों के लिए राहत प्रदान करेंगा, जो अक्सर न्यायालय में गवाही देने के लिए लंबी दूरी यात्रा करते है और इससे उनके कामकाजी घंटे प्रभावित होते थे।

# नागरिक अस्पताल में पहुंचे रेबीज के 2360 इंजेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः जिला नागरिक अस्पताल** में दो दिन के बाद रेबीज के इंजेक्शन पहुंच गए है। प्रबंधन की तरफ से 1500 इंजेक्शन नागरिक अस्पताल में कमरा नंबर-10 व आपातकालीन कक्ष में वितरित किया गया है। बाकि अन्य इंजेक्शन सीएचसी व पीएचसी स्तर पर वितरित की गई है। प्रबंधन की तरफ से शुक्रवार को तीन हजार इंजेक्शनऔर आने की संभावना जताई है। ताकि जिले में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में दो दिन से रेबीज का इंजेक्शन खत्म हो गया था। जिसके चलते हर रोज अस्पताल में आने वाले करीब सौ से ज्यादा मरीजों को वापस जाने पर मजबूर होना पड़ रहा था। मरीज मामले को लेकर प्रबंधन तक गुहार लगा चुके थे। प्रबंधन की तरफ से काफी दिनों पहले वेयर हाउस में इंजेक्शन की डिमांड भेजी गई थी, लेकिन वेयर हाउस में इंजेक्शन न होने के चलते डिमांड पूरी नहीं हुई। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कुल 2360 इंजेक्शन की लोकल परचेज की गई है। वहीं शुक्रवार को तीन हजार इंजेक्शन की परचेज और होने की संभावना जताई गई है। एक इंजेक्शन में पांच डोज अलग-अलग करके मरीजों को लगाए जाते है।

**मरीजों को लौटना पड़ा था वापस, निजी स्टोर से खरीदनी पड़ी थी डोज-**

गत बुधवार को नागरिक अस्पताल में दूर-दराज से लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे। किसी ने बच्चे के लिए स्कूल की छुट्टी करवाई तो किसी ने खुद की ड्यूटी में बदलाव करके अस्पताल में पहुंचे।

जहां उन्हें निराशा हाथ लगी। कुछ लोगों ने इंजेक्शन की डोज निजी स्टोर से 300 रुपये में खरीदकर लानी पड़ी। वहीं अन्य को नरेला दिल्ली या महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर जाने पर मजबूर होना पड़ा। प्रबंधन की तरफ से लोकल परचेज करके डिमांड के हिसाब से इंजेक्शन वितिरत किए गए है रेबीज के इंजेक्शन वेयर हाउस से नहीं मिल रहे थे। अस्पताल व अन्य सेंटरों से भी इंजेक्शन की डिमांड आई थी। जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा था। प्रबंधन के पास कुल 5360 इंजेक्शन की डिमांड मिली थी। जिनमें से 2360 इंजेक्शन आ चुके है, वहीं शुक्रवार को तीन हजार इंजेक्शन और मिल जायेगें। मरीजों की सुविधा के अनुसार प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।

# राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय वसंतोत्सव रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव एल. एन मिगलानी, कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, संयोजिका डॉ. सीमा की गरिमामयी उपस्थिति में दीप-प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया` इस प्रतियोगिता की मुख्य गतिविधियां- वसंतोत्सव पर पतंग बनाना व सजाना, फूल बंदोबस्त, उपहार बांधना, छाता



सजावट व मिस्टर और मिस बसंत रहे । महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सीमा ने बताया कि कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रबंधक समिति के महासचिव श्री एल. एन. मिगलानी ने बताया कि बसंत पंचमी हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार है और भारत में यह त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता द्वारा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ क्रियाशीलता को भी बढ़ाया जाता है और इससे विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने कहा कि हिंदू धर्म में बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन से बसंत राग,बसंत के प्यार भरे गीत, राग-रागनियां, गाने की शुरूआत होती है । मां सरस्वती के हाथ में विराजमान पुस्तक विद्यार्थियों को यह संदेश देती है कि वह पुस्तकों से अलग न हो, भौतिक रूप से भले ही कभी किताबों से दूर रहे, लेकिन हमेशा मानसिक रूप से किताबों के साथ रहे।

# विद्यार्थियों को लोकल स्तर पर पास उपलब्ध करवाएगा विभाग

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जिला सचिवालय में शुक्रवार** को जिला सडक सुरक्षा कमेटी और स्कूल सुरक्षा वाहन पोलिसी की महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त ने बैठक कहा कि जिले में अगले महीने इलेक्ट्रोनिक बसों की संख्या और बढ़ेगी इससे जाम की स्थिति कम होगी व बच्चों व स्कूली विद्यार्थियों को इन बसों में लोकल स्तर पर पास उपलब्ध करवायें जाएंगे ताकि जाम की स्थिति न हो। उपायुक्त ने कहा कि नये बस अडडे से पुराने बस अडडे तक आने वाली बसों में जो बस संचालक तेल डलवाने को लेकर पहुंचते है उन्हें कायदे अनुसार




तेल डलवाना चाहिए। अन्यथा प्रशासन द्वारा उनके चालान किये जाएंगे। वे एक बार में ही क्षमता अनुसार बसों में तेल डलवायें बार बार बसों को पुराने बस स्टैंड पर न लेकर आएं। उपायुक्त ने खादी आश्रम के साथ वाले ओवरब्रिज की साफ सफाई करने व शहर के बाहर स्पीड के बड़े बड़े बोर्ड जिन पर मोटे अक्षरों में लिखा हो पानीपत में सीसीटीवी कैमरे से चालान होते है के बोर्ड आपका स्वागत करते है संबंधित विभाग के अधिकारी लगाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिव नगर में लगने वाली अस्थाई मार्केट को सैक्टर 13-17 में खाली पड़ी जगह पर लगाने व एक क्रेन खरीदने व एक केन को निगम से खरीदने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को एनएच 44 की रोड वाईडनिंग को यथा शीघ्र संपन्न करवाना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक ट्रैफिक व सडक दुर्घटनाओं से बचा जा सकें। उपायुक्त ने सिवाह के पास नहर के साथ रेलिंग लगाने, एनएच 709 बरसाती नाले को दुरस्त करने, काबड़ी मार्ग के गढढे को दूर करने, मलिक पट्रोल पंप से महाराजा अग्रसेन चौंक तक रोड़ को दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस स्टेशन चांदनी बाग से एनएच 44 तक के मार्ग को दुरस्त करने, 5 किलोमीटर रोड़ को मॉडल रोड़ बनाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायत मछरौली की मांग पर स्पीड ब्रेकर लगवाने को कार्य को लेकर और तेजी लाएं। स्कूल व परिवहन विभाग की बसों के ड्राईवरों के ड्रग टेस्ट करें व पुराने वाहनों को 3 स्थानों पर ईम्पाउंड करना सुनिश्चित करें।

जिसमें सैक्टर 13-17, पुराना शुगर मील व पुल के नीचे जगह सुनिश्चित करें। बैठक में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने शहर में चलने वाले 10 हजार वाहनों के लिए अलग अलग स्टोप बनाने को लेकर भी विचार विमर्श किया।

# नेहरू युवा केंद्र पानीपत द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**नेहरू युवा केंद्र माय भारत** पानीपत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 30 व 31 जनवरी को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल जैसे वॉलीबॉल, दौड़, लंबी कूद (पुरुषों के लिए) एंव खो-खो, लंबी कूद, दौड़ (महिलाओं के लिए) शिवाजी स्टेडियम मे आयोजित की गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सुप्रसिद्ध समाजसेवी संदीप कुमार, कार्यकारी निर्देशक क्यू.पी.ए.




तरुण लाहोट एवं बलराम कश्यप ने स्टेज से खिलाडि?ों का हौसला बढ़ाया। केंद्र के कार्यालय कार्यकारी एनवाईसी सार्थक ने प्रतियोगिता में कोई स्थान ना प्राप्त करने वाले खिलाडि?ों को निराश न होकर अगली बार और कोशिश करने का संदेश दिया। जिला युवा अधिकारी स्नेह लता ने बताया कि जिला स्तरीय विजेताओं को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा।

# दीनबंधु सर छोटूराम ने जन कल्याण के लिए किया संघर्ष: सैनी

**चंडीगढ़, 31 जनवरी झ** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार दीनबंधु सर छोटूराम के आदर्शों पर चलते हुए प्रदेश को विकास और जनकल्याण के मामले में देश का मॉडल राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प है। रहबर-ए-आजम चौ. छोटूराम ने जीवन पर्यंत किसानों, मजदूरों व गरीबों के कल्याण के लिए संघर्ष किया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों के हितों के लिए कार्य किये। मुख्यमंत्री शुक्रवार को रोहतक जिला में अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय परिसर में रहबर-ए-आजम चौ. छोटूराम के 144 वें जन्मोत्सव में बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने जाट शिक्षण संस्थान परिसर में स्थित चौ. छोटूराम के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने भी पुष्प अर्पित





चौ. छोटूराम को नमन किया। अतिथियों ने जाट कॉलेज के सभागार में हरियाणवी विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। श्री नायब सिंह सैनी ने अपने स्वैच्छिक कोष से जाट शिक्षण संस्था को 31 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा, शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने भी संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने संस्था की मांगों के संदर्भ में कहा कि महारानी किशोरी महिला महाविद्यालय में होस्टल के लिए संस्था द्वारा नियमानुसार मैचिंग ग्रांट के रूप में पैसा जमा करवाने उपरांत सरकार की ओर से 10 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा, संस्था द्वारा रखी गई अन्य मांगों की फिजिबिलिटी चैक करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौ. छोटूराम का जीवन एक संदेश है कि अगर हम संकल्प लें और मेहनत करें, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। चौधरी छोटूराम बहुमुखी प्रतिभा , विचारशील, विवेक एवं सिद्धांतवादी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने गरीबों, दलितों, शोषितों एवं उपेक्षित लोगों के उत्थान एवं सम्मान के लिए जीवनभर लड़ाई लड़ी। गरीबों के सच्चे हमदर्द होने के कारण ही वे दीनबंधु कहलाए। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चौ. छोटूराम ने किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए जाट गजट अखबार भी शुरू किया था। चौधरी छोटूराम ने किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलवाने के लिए कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम बनवाया था। किसानों को कर्जों से मुक्ति दिलवाई और गिरवी रखी हुई जमीनें उन्हें वापस दिलवाई। चौधरी छोटूराम ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर भी बल दिया। भाखड़ा बांध परियोजना भी उन्ही की देन है।

कृषि विकास और किसानों की भलाई के लिए समर्पित भाव से काम कर रही सरकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लिए किसान, गरीब, नारी और युवा शक्ति को चार स्तंभ माना है। चौ. छोटूराम की किसान व मजदूर हितैषी नीतियों पर चलते हुए प्रदेश सरकार कृषि के विकास और किसानों की भलाई के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। हाल ही में, राज्य सरकार ने किसान हित में कदम उठाते हुए पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल करते हुए कृषि भूमि पट्टा एक्ट लागू करके पट्टेदारों को मालिकाना हक दिया है। सरकार फसल से लेकर बाजार तक जुड़ी सभी सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करवा रही है। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर 122 करोड़ रुपए का अनुदान प्रदान किया गया है।

**याद किया**

**मुख्यमंत्री ने चौ. छोटूराम के 144 वें जन्मोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत**

# सुमन सैनी ने शुगर मिल की एंबुलेंस को दी हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य बाल कल्याण की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि शाहबाद सहकारी चीनी मिल ने हमेशा राष्ट्रीय लेवल पर सराहनीय कार्य करने पर एक मुकाम हासिल किया है। इस मिल के प्रबंधकों ने हमेशा अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों के हित को प्राथमिकता देकर सराहनीय कार्य किए है। इसी कड़ी में ही शाहबाद सहकारी चीनी मिल की तरफ से अब एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी शुक्रवार को देर सायं शाहबाद शुगर मिल में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी ने शाहबाद शुगर मिल की एंबुलेंस को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने प्रबंधकों को एंबुलेंस की सुविधा शुरू करने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शुगर मिल ने किसानों, अधिकारियों व कर्मचारियों के उल्लेखनीय कार्य करने पर ही राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की है। इसलिए इनके हितों को जहन में रखकर प्रबंधकों को हमेशा कार्य करने चाहिए। एमडी विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि शाहाबाद सहकारी चीनी मिल का पिराई सत्र 2024-25 को प्रारम्भ हुआ तथा अब तक अपनी पूरी क्षमता के साथ चल रही है।

**सराहनीय**

**शाहबाद सहकारी चीनी मिल ने राष्ट्रीय लेवल पर सराहनीय कार्य करने पर एक मुकाम हासिल किया**

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में 7 आई.ए.एस. और एक आई.आर.एस. अधिकारी का तबादला

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 7 आई.ए.एस. और एक आई.आर.एस. अधिकारी के नियुक्ति व स्थानान्तरण आदेश जारी किए हैं। मौलिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव रिपुदमन सिंह ढिल्लों को आदित्य दहिया के स्थान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा का मिशन निदेशक तथा स्वास्थ्य विभाग का सचिव लगाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग के विशेष सचिव तथा निदेशक अजय सिंह तोमर को पार्थ गुप्ता के स्थान पर अम्बाला का उपायुक्त लगाया गया है। यमुनानगर के उपायुक्त मनोज कुमार-1 को आई.आर.एस. अधिकारी विवेक अग्रवाल के स्थान पर हरियाणा कौशल विकास मिशन का मिशन निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग का निदेशक तथा विशेष सचिव लगाया गया है। अम्बाला के उपायुक्त पार्थ गुप्ता को मनोज कुमार-1 के स्थान पर यमुनानगर का उपायुक्त लगाया गया है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग के निदेशक तथा विशेष सचिव प्रशांत पंवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के मिशन निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। कॉन्फेड के प्रबंध निदेशक राहुल नरवाल को अजय सिंह तोमर के स्थान पर सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग का निदेशक और विशेष सचिव तथा कॉन्फेड का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक तथा सचिव विवेक अग्रवाल को रिपुदमन सिंह ढिल्लों के स्थान पर मौलिक शिक्षा विभाग का महानिदेशक तथा स्कूल शिक्षा विभाग का सचिव लगाया गया है। महेंद्रगढ़ के अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी आनंद कुमार शर्मा को महेंद्रगढ़ के डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### पुलिस महानिदेशकों, एनआईए तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की पंचकूला में बैठक आयोजित

**पंचकूला।** हरियाणा सहित उत्तर भारत के राज्यों में नशा तस्करी को रोकने, संगठित अपराध नियंत्रण, गैंगस्टरो पर शिकंजा कसने सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों को लेकर आज पंचकूला में सात राज्यों के पुलिस महानिदेशकों,एनआईए, एनसीबी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा और स्पेशल टास्क फोर्स हरियाणा के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सात राज्यों- हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान तथा उत्तराखंड आदि राज्यों में अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करने के बारे में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त मीटिंग में अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय के कार्यान्वन और सीमा पार चल रहे नशा तस्करी व संगठित अपराध को रोकने और प्रदेश पुलिस के बेहतर तालमेल पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से नशे की तस्करी रोकने को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि आपराधिक गतिविधियों तथा आतंक आदि में नशे के माध्यम से रुपया एकत्रित किया जाता है जो की चिंता का विषय है। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि नशे की आवाजाही के लिए अपराधियों द्वारा किस प्रकार युवाओं को निशाना बनाया जाता है। बैठक में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर सभी राज्यों के बीच में अच्छा कोआर्डिनेशन होने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सभी अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई कि राज्यों के बीच में अपराधियों का डाटा बेस सांझा करने हेतु राज्यों की संयुक्त टीम बनाई जानी चाहिए ताकि आपसी तालमेल स्थापित करते हुए कार्य किया जा सके। सभी राज्य अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय के बेहतर कार्यान्वन हेतु अपने प्रदेश में एसपी रैंक में नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे ताकि सूचनाओं का वास्तविक समय में आदान प्रदान किया जायेगा। इस बैठक में अंतरार्जीय ड्रग सचिवालय को सुदृढ़ करने और अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अलग अलग राज्यों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। इस दौरान उन्होंने अपने राज्यों में अपराध नियंत्रण को लेकर किया जा रहे प्रयासों तथा बेस्ट प्रैक्टिसेज को भी सांझा किया। विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ पुलिस इस दौरान अलग-अलग राज्यों द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपराध की वर्तमान स्थिति तथा चुनौतियों के बारे में रूपरेखा प्रस्तुत की गई। यह भी बताया गया कि किस प्रकार वर्तमान परिवेश में अपराधी विदेश में अपराध के नेटवर्क को बढ़ा रहे हैं और वहां बैठकर भारत में अपराध कर रहे हैं। बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनसीबी डिप्टी डायरेक्टर जनरल संबित मिश्रा ने बताया कि नशा तस्करी के रूट पहचानने की जरूरत है ताकि सभी प्रदेश अफीम व अन्य मादक पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर रोक लगा सकें।

# स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं की गुणवत्ता में हुआ सुधार : आरती

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है , इसका सबूत यह है कि इस बार केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा के 769 स्वास्थ्य संस्थानों को "कायाकल्प" पुरस्कार दिया गया है। गत वर्ष यह पुरस्कार 390 संस्थानों को मिला था। कुमारी आरती सिंह राव ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उन स्वास्थ्य संस्थानों की सूची जारी की गई है जिनको "कायाकल्प" पुरस्कार से नवाजा गया है। कुरुक्षेत्र जिला अस्पताल को मौजूदा वित्तीय वर्ष में राज्य स्तर पर पहली रैंकिंग के साथ कायाकल्प पुरस्कार मिला है। इनके अलावा , हरियाणा के 768 अन्य संस्थानों को कायाकल्प पुरस्कार मिला है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कायाकल्प पुरस्कार देने की पहल स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देने में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाली स्वास्थ्य संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी।

# केंद्र हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक बजट में चहुंमुखी एवं सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाती है। सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के उत्थान के लिए प्रयासरत है और पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री विज ने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र एजेंसी है, जो किसी भी राजनीतिक दल से प्रभावित नहीं होती। आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जहां भी संदेह या सबूत मिलते हैं, वहां आयोग कार्रवाई करता है, चाहे वह किसी भी दल से संबंधित हो। आम आदमी पार्टी के नेताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने



कहा कि "आप पार्टी के लोग चीखते ज्यादा हैं और उन्हें इस तरह की ट्रेनिंग दी जाती है।" दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा हमेशा सफाई का मुद्दा उठाने पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विज ने कहा कि उनके ही सांसद ने उनके घर के बाहर कूड़ा डालकर उनकी सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा, "दिल्ली की सड़कें, नाले और नालियां गंदगी से भरी हैं, धूल और प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन केजरीवाल जी सिर्फ भाषणबाजी में लगे रहते हैं।" चुनाव आयोग के एक अधिकारी पर केजरीवाल द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर श्री विज ने कहा कि इस पर केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर किसी अधिकारी का कार्यकाल समाप्त होने में दो महीने बचे हैं, तो क्या वह काम करना बंद कर देगा? चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और आखिरी घंटे तक उसके अधिकारी को कार्य करने का अधिकार है। पंजाब सरकार के संसाधनों के कथित दुरुपयोग पर उन्होंने कहा कि पंजाब नंबर की गाड़ी में पैसा मिलना यह संकेत देता है कि पंजाब सरकार दिल्ली चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए सरकारी अमले और संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है।

**विकास पर बल**

**दिल्ली चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए पंजाब सरकार कर रही संसाधनों का दुरुपयोग: विज**

# चंडीगढ़ मुख्यालय में कार्यरत दो अधिकारी व एक कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा सूचना**, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, चंडीगढ़ मुख्यालय में कार्यरत दो अधिकारी व एक कर्मचारी अपने संतोषजनक सेवाएं पूरी करने उपरांत आज सेवा निवृत हो गए। विभाग की हरियाणा सिविल सचिवालय के आठवीं मंजिल पर स्थित प्रेस शाखा में व मुख्यालय की अन्य शाखाओं में सेवानिवृत होने वालों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त निदेशक श्रीमती वंदना शर्मा, लाइजनिंग अधिकारी श्री जोगिंदर सिंह गाबा तथा सहायक बाला दत्त जोशी शामिल हैं। वंदना शर्मा ने विभाग में फरवरी 1997 में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के रूप में सोनीपत से अपनी सेवाएं आरंभ की थी। इसके बाद वे कुरुक्षेत्र में भी लंबे समय तक जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रही। वर्ष 2018 में उप-निदेशक के पद पर पदोन्नति हुई थी। उसके बाद संयुक्त निदेशक तथा अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत रहते हुए उन्होंने मुख्यालय पर फिल्ड, प्रकाशन, विज्ञापन, संवाद सोसाइटी, सीएम सेल तथा आर एंड आर शाखा में अपनी सेवाएं दी। इसी प्रकार श्री जोगिंदर सिंह गाबा ने विभाग में जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर ज्वाइन किया था। उसके बाद विभिन्न पदों पर होते हुए आज लाइजनिंग अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए। श्री बाला दत्त जोशी ने अगस्त 1992 में फोटोस्टेट अटेंडेंट के रूप में ज्वाइन किया था।

# हरियाणा सरकार के प्रभावी प्रयासों से शिक्षा में ऐतिहासिक सुधार

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में राज्य शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई को छू रहा है। हाल ही में जारी अरएफ2024 रिपोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि राज्य सरकार द्वारा की गई दूरदर्शी नीतियां और अथक प्रयास रंग ला रहे हैं। कोविड-19 के बाद जब पूरे देश में शिक्षा प्रभावित हुई, तब हरियाणा सरकार ने त्वरित और प्रभावी कदम उठाते हुए विद्यालयों में सुधार की दिशा में कार्य किया। शिक्षा में सुधार की इस यात्रा में सरकार ने मजबूत नीतिगत ढांचे और सटीक रणनीतियों को अपनाया।

# महोत्सव में नजर आई राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत



**चंडीगढ़, 31 जनवरी-** अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पहली बार प्रदेश सरकार के प्रयासों से पहली बार राजस्थान पार्टनर राज्य की भूमिका निभा रहा है। इस प्रदेश के कलाकारों ने पिहोवा की पावन धरा पर राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को अनोखें अंदाज में प्रस्तुत करने का काम किया। इस प्रदेश के कलाकारों में अढ़ाई फीट के एक छोटे से कद का कलाकार मूंगा राम महोत्सव में मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष प्रयासों से इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के साथ एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। इस वर्ष राजस्थान राज्य को महोत्सव में पार्टनर राज्य के रूप में आमंत्रित किया गया। इस निमंत्रण के बाद राजस्थान के कलाकारों ने महोत्सव में खूब रंग जमाया। इतना ही नहीं राजस्थान की तरफ से प्रदर्शनी में एक स्टॉल भी लगाया है। इस स्टाल पर राजस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों की तरफ से पर्यटकों और दर्शकों को राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी देने का प्रयास किया गया है। यह पर्यटन स्थल इनक्रेडिबल इंडिया की श्रेणी में शुमार है। इस स्टाल के माध्यम से लोगों को राजस्थान के प्रमुख तीर्थों का अवलोकन करने का न्यौता भी दिया जा रहा है। बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान के कलाकारों ने मुख्य मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका

**शांति**

**प्रदेश सरकार के प्रयास से अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में राजस्थान प्रदेश बना पार्टनर राज्य,**

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनकर उनका शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनकर उनका जल्द समाधान करना ही उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है। प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा ताकि जनता उसका लाभ उठा सकें। कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा हम पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा करना चाहते हैं। हम सभी मिलकर कार्य करेंगे और रादौर तथा ऊँचा चांदना में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। हमारी प्राथमिकता लोगों को सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार जनसेवा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन इसके लिए समन्वय की आवश्यकता है, जिससे सभी लोग मिलकर जनकल्याण के लिए कार्य कर सकें। उन्होंने जनता दरबार में लोगों से कहा कि प्रदेश सरकार ने हर तबके के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है और जनता को चाहिए की वे इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। जनता दरबार में विधानसभा क्षेत्र रादौर के अंतर्गत आने वाले नगर निगम क्षेत्र के लोगों ने भी उनके सामने बिजली, पानी, गलियों, नालियों, पक्के मकान बनवाने, पेंशन जैसी अनेकों प्रकार की लगभग 250 मांगे व समस्याएं रखी, जिस पर कैबिनेट मंत्री महोदय ने आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द ही समाधान किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि बेघर, कच्चे मकान, किरायेदारों का अपना आवास हो, इसके लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**प्रक्रिया**

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है**

# दिल्ली को पानी न मिलने के दावे वाली याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज एक आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि दिल्ली को न्यायालय के आदेश के अनुसार पानी नहीं मिल रहा है और यह दिल्ली के लिए पानी से संबंधित एक महत्वपूर्ण और जरूरी मुद्दा है। कोर्ट के इस निर्णय से दिल्ली सरकार को भी बड़ा झटका लगा क्योंकि वह लगातार यह दावा कर रही थी कि हरियाणा सरकार द्वारा पानी की तय आपूर्ति नहीं की जा रही है। हालांकि, हरियाणा सरकार ने न्यायालय में स्पष्ट रूप से यह प्रस्तुत किया कि वह सभी समझौतों और न्यायालय के आदेशों के अनुरूप आवश्यक मात्रा में पानी की आपूर्ति कर रही है और इस संबंध में उसकी ओर से कोई भी कमी नहीं हुई है। इस मुद्दे पर पिछले वर्ष जून में भी सर्वोच्च न्यायालय ने विचार किया था और तब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया था। हरियाणा सरकार की ओर से प्रस्तुत दलील में कहा गया कि मूल रिट याचिका पहले ही निपटाई जा चुकी है और अवमानना याचिका दाखिल किए जाने के समय से ही निरर्थक थी तथा आज भी निरर्थक है। यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा दायर रिट याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही निपटा दिया था, जिसका आदेश इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। हरियाणा सरकार की ओर से वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री लोकेश सिन्हल और श्री आदित्य शर्मा ने दलील दी कि यह मामला कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और पूरी तरह निराधार होने के कारण इसे खारिज किया जाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने आग्रह किया कि मुख्य अवमानना याचिका को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

# हरियाणा के पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लाया जाएगा: शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हरियाणा की सभ्यता व समृद्ध संस्कृति व पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की भव्यता को बढ़ाने व आगामी समय मे बड़े भागीदार राष्ट्रों को मेले से जोड़ने पर भी बल दिया।

हरियाणा के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात करते हुए आगामी 7 फरवरी से फरीदाबाद में शुरू होने जा रहे 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन



का विधिवत न्योता दिया। केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत की हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की भांति हरियाणा के पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार मिलकर इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करेंगे, ताकि हरियाणा की समृद्धता को पूरी दुनिया नजदीक से जाने व उसका अहसास करे। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की भव्यता को बढाने के लिए आगामी संस्करणों में बड़े देशों को सहयोगी राष्ट्र के तौर पर जोड़ा जाएगा, ताकि उनके साथ सांस्कृतिक, शिल्पकला, हथकरघा क्षेत्र में आपसी मेल-जोल को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के कार्यक्रम कैलेंडर को निर्धारित किया जाए, ताकि वैश्विक स्तर पर आने वाले प्रतिभागियों एवं कलाकारों के साथ-साथ पर्यटक इसकी निर्धारित अवधि में सूरजकुंड आकर अपनी भागीदारी कर सकें। उन्होंने ग्लोबल प्लेटफार्म पर सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले को बढ़ावा देने के लिए मुंबई, कोलकाता आदि स्थानों पर आयोजित होने वाले मेलों की तर्ज पर सूरजकुंड में थीम आधारित मेले लगाने का सुझाव दिया। हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खान-पान, सांस्कृतिक, कला क्षेत्र की विविधता में एकजुटता लाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गम्भीरता से काम किया जा रहा है। उन्होंने मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी केंद्रीय पर्यटन मंत्री को दी।

**भव्य**

**शिल्प मेले की भव्यता को बढ़ाने व आगामी समय मे बड़े भागीदार राष्ट्रों को मेले से जोड़ने पर भी बल दिया**

# आईक्यूएसी की ओर से ई कंटेंट व मूक डेवलपमेंट पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य कॉलेज की** आइक्यूएसी द्वारा ई कंटेंट व मुख डेवलपमेंट पर एक वर्कशॉप को आयोजन किया गया। इस वर्कशाप के आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने आइक्यूएसी के समन्वयक डॉक्टर सतवीर सिंह व सह समन्वय प्रोफेसर पंकज चौधरी को बधाई दी। इस वर्कशॉप में ओकी डॉकी कंपनी के आई टी प्रोफेशनल्स रमन शर्मा, विश्वास कुमार, सुल्तान सिंह ने शिरकत की। प्राचार्य डॉक्टर जगदीश गुप्ता ने इनका कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत



किया। प्राचार्य डॉक्टर जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा ई कंटेंट डेवलपमेंट आज के डिजिटल युग की आवश्यकता बन चुका है ई-कंटेंट डेवलपमेंट से हम किसी भी समय कहीं पर भी कुछ भी सीख सकते हैं आज हर एक प्राध्यापक को नई-नई तकनीको का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक है इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कॉलेज की आइक्यूसेल द्वारा समय-समय पर इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है। प्रोफेसर डॉ सतवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की कंटेंट डेवलपमेंट व मूक न केवल बनाना आवश्यक है बल्कि कैरियर एडवांसमेंट स्कीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी शिक्षक साथियों से मेरा अनुरोध कि वह यूजीसी की गाइडलाइंस के अनुसार ई कंटेंट को डेवलप करने का कार्य आरंभ करें। इसके लिए जल्द ही आइक्यूएसी गाइडलाइन जारी करेगी। प्रोफेसर पंकज चौधरी ने अपने वक्तव्य में एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के द्वारा ई कंटेंट व मूक क्या होता है, कैसे डेवलप किया जाता है व इसके कौन-कौन से महत्वपूर्ण अंग होते हैं उन्होंने अपने संबोधन में बताया की ई कंटेंट और मूक में क्या क्या अंतर है मूक डेवलपमेंट के लिए यूजीसी की अहताएं व राष्ट्रीय स्तर पर कौन-कौन से समन्वयक इसके लिए नियुक्त किए गए हैं हमारा महाविद्यालय स्वयं का लोकल चैप्टर है तो अगर कोई टीचर खुद स्वयं से कोर्स करना चाहता है या कोई विद्यार्थी स्वयं के कोर्स के लिए अपने आप को इनरोल करना चाहता है तो वह कॉलेज को ऐसे लोकल चैप्टर सेलेक्ट करेगा जिसका सारा डाटा एक रिकॉर्ड के रूप में कॉलेज के पास व्यवस्थित रहेगा।

# सेवानिवृत पुलिस कर्मियों का विदाई समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अम्बाला पुलिस** से सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस आफिसर इन्स्टीटयूट अम्बाला शहर में विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला श्री विजय कुमार के नेतृत्व में अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारी निरीक्षक जगरूप सिहँ नं0 232/अम्बाला, निरीक्षक रमेश कुमार नं0 572/अम्बाला, निरीक्षक यशपाल नं0 995/अम्बाला, उप निरीक्षक गुरबक्श नं0 111/अम्बाला, उप निरीक्षक निर्मल सिहँ नं0



680/अम्बाला को उपहार भेंट कर पुष्पहार पहनाएँ और उनके भविषय की मंगल कामना करते हुए उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सेवा भाव के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व उनके परिजनों ने माननीय पुलिस अधीक्षक अम्बाला के कुशल मार्गदर्शन में किए गए इस विशेष सम्मान समारोह के लिए उनका व अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए जीवन का सबसे अविस्मरणीय एवम यादगार दिन रहेगा। हम सभी आदरणीय महोदय पुलिस अधीक्षक अम्बाला का हार्दिक अभिनन्दन करते है।

## न्यूज फ्लैश

### आज पूरे देश में काला दिवस मनाएगा प्राथमिक शिक्षक संघ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: नई पेंशन योजना** को लेकर आज 1 फरवरी को पूरे देश में प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अम्बाला राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान मदन लाल व महासचिव प्रकाश गिल ने जानकारी देते हुए बताया कि नई पेंशन योजना व यूनिफाइड पेंशन योजना के विरोध में एक फरवरी को पूरे देश के प्राथमिक शिक्षक काले दिवस के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य को बाधित न करते हुए इस दिन सभी शिक्षक काली पट्टी बाँध कर विद्यालयों में शिक्षण कार्य करेंगे। मदन लाल ने बताया कि शिक्षक संघ शांतिमय तरीके से अपना विरोध प्रकट करेंगे कि सरकार की जो नई पेंशन योजना है वह उनके हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षक हित को देखते हुए इसमें बदलाव करें। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक से अध्यापन कार्य के अलावा सरकार के द्वारा अन्य कार्य भी लिये जाते हैं जिसमें वह पूर्ण रूप से सहयोग करते हैं। इसलिए सरकार को भी शिक्षक हित में फैसले लेने चाहिए न कि उसके विपरीत। 28 जनवरी को दिल्ली में संघ की बैठक में लिये गए निर्णय का पूर्ण समर्थन करेंगे।

### अंडरपास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हाईवे पर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के उचाना** गांव के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-44 पर अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। हाईवे पर अंडरपास न होने के कारण ग्रामीणों को रोड क्रॉस करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं और हाल ही में एक बैंक कर्मचारी की भी जान चली गई। अब गांव के लोग, स्कूल के शिक्षक और बैंक कर्मचारी भी इस मांग में शामिल हो गए हैं। उचाना गांव के ग्रामीण मेहर सिंह, कृष्ण कुमारए व सन्नी ने कहा कि हाईवे पर अंडरपास न होने की वजह से उन्हें या तो राँग साइड में चलकर करनाल की तरफ जाना पड़ता है या फिर काफी लंबा रास्ता तय करके झिंझाड़ी गांव की ओर से निकलना पड़ता है। हाईवे पर पहले से एक अंडरपास मौजूद है, लेकिन वह भी शराब के ठेके के पास स्थित है, जो न तो सुरक्षित है और न ही सुविधाजनक। गांव के मनोज चौहान, प्रवीण कुमार, बबलू, रितेश और पंकज समेत कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव छोटे-छोटे बच्चे हाईवे के पास दूसरे गांव में पढ? जाते है। उन्हें भी हाईवे क्रॉस करके स्कूल जाना पड़ता है। इसके अलावा स्कूल के टीचर और बैंक कर्मचारी भी अंडरपास की मांग कर रहे हैं, क्योंकि यह सिर्फ उचाना गांव की ही नहीं, बल्कि आसपास के अन्य गांवों की भी समस्या है। ग्रामीणों का गुस्सा तब और बढ़ गया, जब चार दिन पहले हाईवे क्रॉस करते वक्त एक बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। यह हादसा उनकी आंखों के सामने हुआ, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। हाईवे पार करते वक्त हर रोज बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खतरे में रहते हैं। स्कूल में पढ? वाले कई बच्चे हाईवे क्रॉस करके स्कूल जाते हैं और यह उनकी जान के लिए बड़ा खतरा बन गया है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने पहले अपने खर्चे पर हाईवे के नीचे से एक टेंपरेरी रास्ता बनवाया थाए, ताकि स्कूली बच्चों को सुरक्षित रास्ता मिल सके। लेकिन जैसे ही सर्विस रोड का निर्माण हुआ, वह रास्ता भी बंद कर दिया गया। अब ग्रामीणों के पास न तो कोई सुरक्षित रास्ता बचा है और न ही प्रशासन की तरफ से कोई ठोस समाधान दिया जा रहा है। गांव के लोगों ने तय किया है कि वे जल्द ही एनएचएआई और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे, ताकि उनकी मांगों को सुना जा सके। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यहां केवल अंडरपास ही नहीं, बल्कि एक फुट ओवरब्रिज भी बनाया जाना चाहिए, ताकि पैदल यात्रियों को भी सुरक्षित रास्ता मिल सके। अगर जल्द ही प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाए तो ग्रामीण बड़े स्तर पर आंदोलन करने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि वे अपनी जान जोखिम में डालकर रोज हाईवे पार नहीं कर सकते।

# एसडी पीजी कॉलेज में बसंत आयो रे उत्सव की शुरूआत

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में दो दिवसीय बसंत आयो रेह्व उत्सव के पहले दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया और बसंत पंचमी के त्यौहार को हर्षोल्लास एवं आदर भाव के साथ मनाया । पहले दिन पॉट डेकोरेशन, पूजा को थाली को सजाना, बिना आग के खाना बनाना और रंगोली प्रतियोगिताओं के आयोजन किया गया । सम्पूर्ण आयोजन महिला प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी, सोशल साइंस एसोसिएशन, एनएसएस और पर्यावरण बचाओ सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है । उप-प्राचार्य डॉ नवीन गोयल की



अगुआई में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की और सभी के लिए मंगल कामना एवं जीवन में कामयाबी की प्रार्थना की । माँ सरस्वती की वंदना करते हुए उप-प्राचार्य डॉ नवीन गोयल ने विद्याथीर्यों को इन्टरनेट एवं मोबाईल पर उपलब्ध ज्ञान का सदुपयोग करने की शपथ भी दिलाई । कार्यक्रमों में प्रो अन्नू आहूजा, डॉ संतोष कुमारी, डॉ मोनिका खुराना, प्रो तन्नु मेहता, प्रो निधि ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया । आज के विजेता प्रतिभागियों को कल नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा । डॉ नवीन गोयल ने कहा कि आज के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है । वसंत ऋतु को मधुमास के नाम से भी जाना जाता है और इसके आरम्भ होने के साथ ही सर्दी का समापन शुरू हो जाता है । इस मौसम में सभी वृक्ष पुरानी पत्तियों को त्यागकर नई पत्तियों एवं पुष्पों को जन्म देते हैं । नव निर्माण, नव प्राण और नए हौंसले का प्रतीक है बसंत पंचमी का त्यौहार । आज के विद्यार्थी कितने भाग्यशाली है की सूचना, प्रौध्यौगिकी और तकनीक के इस युग में उन्हें मोबाइल और इन्टरनेट के माध्यम से घर बैठे ही हर प्रकार का ज्ञान एवं जानकारी उपलब्ध है।

# शंभू बॉर्डर धरने पर अमृतसर के प्रगट सिंह की हार्ट अटैक से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पंजाब और** हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के बीच एक और किसान की मौत हो गई है। किसान की जान हॉर्ट अटैक आने से गई है। किसान का नाम प्रगट सिंह है जो अमृतसर के गांव कक्कड़ तहसील लोपोके का रहने वाला था। किसान 2 एकड़ जमीन का मालिक था। वह 2 बच्चों का पिता था। जानकारी के अनुसार, सुबह प्रगट सिंह अचानक गिर गए। उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गांव कक्कड़ अमृतसर जिले का सीमांत गांव है। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी ने मृतक किसान के परिवार को 500000 रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। पंजाब और हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन-2 को 13 फरवरी को एक साल पूरा होने जा रहा है। ऐसे में दोनों मोर्चों पर किसानों की संख्या बढ़ाई जा रही है। साथ ही 11 फरवरी से 13 फरवरी तक होने वाली तीन किसान महापंचायतों को सफल बनाने के लिए किसान नेता पूरी रणनीति में जुटे हुए हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन आज 66वें दिन में प्रवेश कर गया है।

# अल्फा सिटी में व्यक्ति की मौत, सांस लेने में थी परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले की अल्फा** सिटी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरथल के रघविंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो करनाल में रहकर काम करता था। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवक को सांस लेने में परेशानी थी, लेकिन मौत की असली वजह क्या है? इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। रघविंद्र सिंह अल्फा सिटी के एक फ्लैट में किराए पर रह रहा था और वहीं पर काम करता था। बताया जा रहा है कि उसे पहले से सांस की बीमारी थी, जिसकी वजह से उसे कई बार तकलीफ होती थी। प्राथमिक तौर पर अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के समय भी उसे सांस लेने में दिक्कत हुई होगी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।पुलिसकर्मी विकास कुमार ने बताया कि मृतक मुरथल का रहने वाला था और यहां किराए के फ्लैट में अकेला रह रहा था।

परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि युवक की मौत सिर्फ बीमारी की वजह से हुई है या फिर इसके पीछे कोई और वजह छिपी हुई है।

# हैरोइन तस्करी मामले में दो आरोपी गाड़ी सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अम्बाला पुलिस** द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना पडाव क्षेत्र एनएच-44 शाहपुर रेलवे फाटक के पास से नशा तस्करी के मामले में 30 जनवरी 2025 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी हिम्मत सिहँ निवासी गाँव शम्भु कलाँ जिला पटियाला पंजाब व आरोपी महिला को 100 ग्राम हैरोइन तथा गाड़ी सहित गिरफ्तार कर माननीय



न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी हिम्मत सिहँ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया व आरोपी महिला का 02 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। 30 जनवरी 2025 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है जो आज भी गाडी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर थाना पडाव क्षेत्र एनएच-44 से अम्बाला की तरफ आएगें।

# विश्व कुष्ठ दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित

**सोनीपतः नागरिक अस्पताल** में विश्व कुष्ठ दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया। क्षय रोग अधिकारी डा. तरुण यादव ने नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी और शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी तक कुष्ठ रोग निवारण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों और गांवों में लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। उप सिविल सर्जन डा. तरुण यादव ने बताया कि कुष्ठ रोग या कोढ़ (लेप्रोसी) को वर्ष 2030 तक खत्म करने का लक्ष्य है।

# विज की नाराजगी के बाद डीसी गुप्ता का हुआ तबादला

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला : हरियाणा** के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि नायब सैनी जब से मुख्यमंत्री बने है तब से उड़न खटोले पर है, ये सिर्फ उनकी नहीं बल्कि सभी विधायकों और मंत्रियों की आवाज है। विज बोले चुनाव के दौरान उन्हें किसी बड़े नेता ने हराने की कोशिश की और उनपर हमला हुआ, आज 100 से ज्यादा दिन बीत चुके है लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। अब उन्हें फर्क नहीं पड़ता, विज की नाराजगी उनके शब्दों के साथ साथ उनके गानों में भी सुनाई दे रही है। विज आज पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। मंत्री अनिल विज ने कहा कि "फिर भी यह बहुत ही गंभीर बात है और गंभीर बात इसलिए है कि हमारे मुख्यमंत्री उड़न खटोले से नीचे नहीं उतरते, जिस दिन से मुख्यमंत्री जी बने हैं



उसे दिन से उड़न खटोले पर ही है नीचे उतरे तो जनता के दुख दर्द को देखें"। उन्होंने कहा "अंबाला छावनी की जनता ने मुझे सात बार यहां (अंबाला) से विधायक बनाया है और अंबाला छावनी के काम रुकेंगे, तो उसके लिए मुझे जो भी करना पड़ेगा मैं करूंगा, आंदोलन करना पड़ेगा तो आंदोलन करूंगा, जान देनी पड़ेगी तो जान दूंगा, भूख हड़ताल करनी पड़ेगी तो भूख हड़ताल करूंगा"।

उन्होंने कहा कि "मैंने सातवीं बार चुनाव जीतने के एक सप्ताह के भीतर भीतर सार्वजनिक मंच से, (जिन लोगों ने मुझे चुनाव में हरने की भूमिका अदा की थी, चाहे वह अधिकारी थे, कर्मचारी थे या कुछ छुटभैया नेता थे),उनकी बात कही थी, इसके बाद मैंने विभिन्न अधिकारियों को लिखकर भी दिया है लेकिन 100 दिन बीत गए, ना मुझसे पूछा गया और ना ही उनके खिलाफ कार्रवाई की गई"। विज ने कहा कि "पहले तो मुझे शक था कि किसी बड़े नेता के आशीर्वाद से मुझे हराने का यहां पर प्रयास किया गया और यहां तक भी हुआ कि मुझे मरवाने का प्रयास किया गया, लेकिन अब उन पर कार्रवाई न करने से मुझे विश्वास हो गया। क्योंकि मैं सबसे सीनियर नेता हूं और मैं कह रहा हूं कि मुझे हराने के खिलाफ कार्रवाई की गई है तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए थी यदि कार्रवाई नहीं करो तो कम से कम तबादला तो किया जाना ही चाहिए था और पार्टी से तो निकल ही जाना चाहिए था। परंतु 100 दिन तक कुछ भी नहीं किया गया और अब करें ना करें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता"।

विज को यह गुस्सा एकदम से नहीं आया है। इससे पहले मनोहर सरकार के दूसरे कार्यकाल में जब उन्हें गृह मंत्री बनाया तो सीएम के साथ उनका सीआईडी को लेकर विवाद हुआ। विज इस बात से खफा थे कि गृह मंत्री होने के बाद भी सीआईडी उन्हें रिपोर्ट नहीं करती है। बाद में मुख्यमंत्री ने आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करके सीआईडी को अलग से विभाग का दर्जा दिया और सीआईडी को गृह विभाग से अलग कर दिया। डीजीपी शत्रुजीत कपूर की कार्यशैली से भी विज खफा थे।

# नकली शराब बनाने मामले में गिरोह के और दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा : सीआईए टू पुलिस** टीम ने नकली शराब बनाने मामले में शामिल गिरोह के और दो आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान जितेंद्र उर्फ जीता निवासी खलीला व असजद अहमद उर्फ समीर निवासी रतौल बागपत यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू और थाना समालखा पुलिस की सयुक्त टीम ने 22 जरवरी की देर रात को समालखा की सीताराम कॉलोनी में नकली शराब बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए मौके से पट्टीकल्याणा निवासी आरोपी विकास को काबू किया था। पुलिस ने मौके से तैयार नकली अंग्रेजी व देशी शराब, केमिकल, शील लगाने की मशीन व अन्य सामग्री बरामद की थी। आरोपी विकास से पूछताछ में खुलासा हुआ था वह इससे पहले दिल्ली में शराब ठेके पर सेल्समैन था। अब वो किराये के उक्त मकान में अपने साथी आरोपी भूपेंद्र उर्फ निशांत निवासी हडौली भरतपुर राजस्थान व अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर नकली शराब बनाने का अवैध धंधा कर रहा था। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी विकास की निशानदेही पर आरोपी भूपेंद्र उर्फ निशांत को विगत सोमवार को समालखा की सीताराम कॉलोनी से गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी भूपेंद्र को मंगलवार को न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। वही रिमांड पर चल रहे आरोपी विकास के कब्जे 20 हजार 500 रूपए बरामद कर रिमांड अवधी पूरी होने पर उसे न्यायायल में पेश कर जेल भेज दिया था।

# ट्रैफिक नियम के प्रति जागरुक करते हुए बांटे हेलमेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अंबाला में प्रत्येक** वर्ष अनेक सड़क हादसे होते है, जिनमें अनेक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इन हादसों का मुख्य कारण ट्रैफिक नियमों का पालन न करना है। ऐसे में आरटीए विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इस साल भी 1 जनवरी से 31 जनवरी तक उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया गया। आज नेशनल रोड सेफ्टी कार्यक्रम के तहत आरटीए सुशील कुमार व उनकी टीम में शामिल सदस्यों द्वारा कालका चौक व अम्बाला छावनी में जिन दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना



हुआ था उन्हें हेलमेट वितरित करने का काम किया तथा इस मौके पर सभी को यातायात नियमों की पालना करने बारे भी कहा। आरटीए सुशील कुमार ने इस मौके पर बताया कि 01 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाते हुए एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे सचेत करते हुए उनकी अनुपालना करने बारे कार्य किया गया हैं। इसी कड़ी में आज जिन वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था उन्हें हेलमेट उपलब्ध करवाए ताकि जब भी वे वाहन चलाए इसका प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि हेलमेट का प्रयोग करके हम काफी सुरक्षित रह सकते हैं। आमतौर पर सडक दुघर्टना में सिर में चोट लगने के कारण संबधिंत व्यक्ति की कईं बार मृत्यु हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट के साथ-साथ हमें अन्य यातायात सम्बधी नियमों की पालना दृढ़ता से करनी होगी। नियमों की पालना करके काफी हद तक सड़क दुघर्टनाओं को रोका जा सकता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की पालना करने बारे प्रेरित करने का काम किया जाता हैं। आरटीए एवं पुलिस विभाग का मकसद चालान काटना नहीं है बल्कि नियमों की पालना करवाना हैं। हमें स्वयं नियमों की पालना करनी है तथा दूसरों को भी नियमों की पालना बारे जागरूक करना हैं। आरटीए अम्बाला सुशील कुमार ने इस मौके पर यह भी बताया कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के दिशा-निर्देशानुसार विभाग द्वारा जनवरी माह में नेशनल रोड सेफ्टी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज विभाग द्वारा कालका चौंक व अम्बाला छावनी में हेल्मेट वितरित करते हुए आमजन को यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया गया है।

# नगर परिषद ने कैंट बस स्टैंड के बाहर से हटवाया अवैध अतिक्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी: अंबाला** छावनी बस स्टैंड के नजदीक नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सुबह 9 बजे परिषद कर्मचारियों ने मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनिवाल की देखरेख में बस स्टैंड के बाहर लगी रेहड़ियों को हटाना शुरू कर दिया। हालांकि इस दौरान वहां पर रेहड़ी वाले भी एकत्रित हो गए। उनका कहना था कि वह पिछले 40 सालों से यहां पर रेहड़ियां लगा रहे हैं। ऐसे में उनके रोजगार




के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न किया जाए। वहीं विनोद बेनिवाल का कहना था कि हम इन रेहड़ियों को पुल के नीचे स्थानांतरित करने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर बस स्टैंड के बाहर रेहड़ियां लगने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण लोगों को यहां से निकलने की परेशानी होती है। कुछ लोगों ने तो नाले के ऊपर भी कब्जा किया हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### शिवरात्रि महोत्सव में होंगी पारंपरिक देवलु नाटी- वाद्ययंत्र तथा रंगोली प्रतियोगिताएं

**मंडी/टीम एक्शन इंडिया**
उपायुक्त एवं अध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेला समिति अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी में 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला में पारंपरिक देवलु नाटी तथा वाद्य यंत्र, रंगोली प्रतियोगिता, नाटक मंचन, शास्त्रीय संगीत व वादन, भजन संध्या, कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम भाषा एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से कांगनीधार और पड्डल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए संस्थाओं और कलाकारों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। नाटक, शास्त्रीय संगीत, नाटक मंचन, भजन संध्या और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली संस्थाएं और कलाकार 20 फरवरी तक भाषा एवं संस्कृति विभाग के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं या ईमेल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। देवलू नाटी व वाद्य यंत्र प्रतियोगिता प्रतियोगिता का पंजीकरण 28 फरवरी को पड्डल ग्राउंड में होगा।

### यह रहेगा कार्यक्रमों का शेड्यूल

देवलू नाटी व वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण 28 फरवरी को होगा। अगले दिन एक मार्च सुबह 10 बजे से पड्डल ग्राउंड में देवलू नाटी और वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का शानदार आगाज होगा। 3 और 4 मार्च को भी सुबह 10 बजे से देवलू नाटी और वाद्य यंत्र प्रतियोगिता करवाई जाएगी। 4 मार्च को ही प्रतियोगिता का फाइनल होगा। 23 और 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे से संस्कृति सदन में नाटकों का मंचन होगा।संस्कृति सदन में ही 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शास्त्रीय संगीत और शाम 5 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से पड्डल मैदान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी। 28 फरवरी प्रातः 11 बजे से संस्कृति सदन में कवि सम्मेलन होगा।

### महाकुंभ में संगड़ाह की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**
सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल के रजाणा गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता उर्फ बबली (38) का प्रयागराज महाकुंभ में दुखद निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हेमलता बाल विकास परियोजना संगड़ाह के रजाणा गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थीं। कुछ दिन पहले वह अपने पति और कुछ परिचितों के साथ धार्मिक यात्रा पर प्रयागराज गई थीं। यात्रा के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### केन्द्रीय बजट में हिमाचल के लिए आर्थिक मदद मांगे जयराम ठाकुर : संजय अवस्थी

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर राज्य सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाना छोड़कर, इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में हिमाचली हितों की पैरवी करें।
शुक्रवार को शिमला से जारी एक बयान में संजय अवस्थी ने कहा कि जयराम ठाकुर मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए रोज नया तथ्यहीन बयान जारी करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे हिमाचल और हिमाचल के लोगों के हितों के प्रति इतने ही संवेदनशील हैं तो उन्हें केन्द्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए आर्थिक मदद की मांग करनी चाहिए।अवस्थी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2023 में आई आपदा के 10,000 करोड़ रुपये भी अभी तक जारी नहीं किए हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के एनपीएस में लगभग 9000 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार के पास पड़े हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार से यह पैसा हिमाचल प्रदेश को दिलवाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि जयराम ठाकुर दिल्ली जाकर हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली आर्थिक मदद में रोड़ा अटकाने का काम करते हैं।
संजय अवस्थी ने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार की फिजूलखर्ची के कारण प्रदेश पर आर्थिक बोझ बढ़ा। इसी कारण पिछली भाजपा सरकार ने वर्तमान सरकार को 75,000 करोड़ रुपये का ऋण और कर्मचारियों की देनदारियों के रूप में 10,000 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ विरासत में छोड़ा।

# एक वर्ष में खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे 91 सैंपल, 20 फेल

**निर्देश**

▶▶ डीसी ने खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना** : जिला ऊना में पिछले एक वर्ष के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 91 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 20 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इसका खुलासा शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं



मानक अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक के दौरान हुआ। बैठक की अध्यक्षता डीसी ऊना जतिन लाल ने की। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर 80,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।
उपायुक्त ने अधिकारियों को खाद्य सैंपल बढ़ाने के निर्देश दिए और मानकों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिवाली पर्व के दौरान खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत 2,080 किलोग्राम खोया, 237 किलोग्राम पनीर और 12 किलोग्राम देसी घी जब्त किया गया। पायुक्त ने कहा कि प्रशासन जिले में स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत अब तक की प्रवर्तन गतिविधियों और जन जागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।
अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिला में कुल 437 फूड लाइसेंस ऑपरेटर सक्रिय हैं। इसके अलावा 3155 फूड बिजनेस ऑपरेटर को खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया है। जिला में पिछले 9 माह के दौरान 209 नए लाईसेंस बनाए गए। इससे 13 लाख 42 हजार रुपये और 1050 को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। इनसे 5 लाख 45 हजार 600 रुपये पंजीकरण शुल्क एकत्रित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा जगदीश धीमान, डीएफएससी राजीव शर्मा, उपनिदेशक कृषि डॉ. कुलभूषण धीमान, व्यापार मंडी के प्रधान प्रिंस राजपूत तथा सचिव राजेश शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महाकुंभः प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए आगे आ रहे युवा

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रयागराज महाकुंभ से लाखों श्रद्धालुओं के काशी पलट प्रवाह को देख उन्हें निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने के लिए अस्सीघाट के तीर्थ पुरोहितों ने बड़ी पहल की है।
वहीं,भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल और जिलाध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा की अगुवाई में कार्यकताओं ने भोजन और नाश्ता वितरण शुरू कर दिया है। एक बार फिर कोरोना काल वाले सेवाभाव की झलक काशी में दिखने लगी है। काशी की कहावत यहां माता अन्नपूर्णा , माँ गंगा और बाबा विश्वनाथ की कृपा से कोई भी भूखा नही सोता। इस कहावत को चरितार्थ करने के लिए लोग आगे आ रहे है। तीर्थ पुरोहित श्रवण मिश्रा और बलराम मिश्र प्रतिदिन 1000 से अधिक लोगों



को भोजन करा रहे हैं। इसमें श्रद्धालुओं के साथ निराश्रित, भिखारी भी शामिल है।
दोनों तीर्थ पुरोहितों ने कोरोना काल में भी अस्सी घाट पर रहने वाले निराश्रितों को भोजन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया था। तीर्थ पुरोहितों ने बना हुआ भोजन घाट किनारे रहने वाले निराश्रितों, भिखारियों और गरीब तबके के मुहैया कराया था। अब एक बार फिर दोनों महाकुंभ के दौरान निःस्वार्थ भाव से लोगों को भोजन करा रहे हैं।

## अनियंत्रित कार घर में घुसी, मासूम समेत तीन घायल

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
चील्ह थाना क्षेत्र के मीरजापुर-औराई मार्ग स्थित पुरजागीर गांव में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक टीन शेड वाले घर में जा घुसी। इस दुर्घटना में एक मासूम बच्चे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार औराई से मीरजापुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक सड़क पर सामने एक सांड आ गया, जिससे चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। कार ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी और फिर पास के एक घर में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार रामजन्म (35) पुत्र प्रेमनाथ, घर के पास खेल रहा तीन वर्षीय रिशु पुत्र पारस (जो वाराणसी से अपने ननिहाल आया था) और उजाला (10) पुत्री स्वर्गीय नन्हकू बिंद गंभीर रूप से घायल हो गए।
घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस



और क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उजाला को वाराणसी ट्रॉमा स/टीम एक्शन इंडिया

गौरतलब है कि उजाला के पिता नन्हकू बिंद का 22 जनवरी को घर से कुछ दूरी पर एक आम के पेड़ पर फांसी से लटका शव मिला था, जिससे परिवार पहले से ही सदमे में था। अब इस हादसे ने उनकी

## दो किलो से अधिक चरस के साथ दो तस्कर काबू

**धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत दो नशा तस्करों से 2 किलो 220 ग्राम चरस की बड़ी खेप बरामद की गई है। पुलिस थाना नूरपुर के तहत मठोली में पुलिस ने दो नशा तस्करों के खिलाफ इस कार्यवाही को अंजाम दिया है। नूरपुर पुलिस ने इस मामले में जगदीश पुत्र मोती राम तथा तेगा पुत्र नरेश दोनों निवासी मकन सनवाल तहसील चुराह जिला चम्बा के कब्जे से चरस की यह खेप बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि उपरोक्त दोनों आरोपितों को गिरफतार करके उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## हिमाचल में चार जगह शून्य से नीचे पारा, बारिश-बर्फबारी की संभावना

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
हिमाचल प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया किए जाने से शीतलहर का असर बढ़ गया है।
बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के औसत न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।
मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में राज्य में मौसम का मिजाज बदल सकता है। आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में वर्षा और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।
जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति



के ताबो में शुक्रवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान -7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय केलंग में न्यूनतम तापमान -5.1 डिग्री, कुकुमसेरी में -4.9 डिग्री और किन्नौर जिले के कल्पा में -2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड के चलते इन क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों का पानी जम गया है।
प्रदेश के मैदानी इलाकों में साफ मौसम के बावजूद ठंड का असर देखने को मिल रहा है। आमतौर पर ठंडे माने जाने वाले पर्यटन स्थल शिमला और मनाली से भी ज्यादा ठंड इस बार मैदानी इलाकों में पड़ रही है। मनाली और शिमला में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान क्रमशः 4.9 और 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि मैदानी इलाकों सुंदरनगर में यह 3.5 डिग्री और बिलासपुर में 4.3 डिग्री दर्ज किया गया।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में आज से वार्षिक महासम्मेलन होगा शुरू

**उत्सव**

▶▶ मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया, 12 दिन तक वृंदावन की दखेगी झलक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना** : श्री राधा-कृष्ण मंदिर कोटला कलां में एक फरवरी से वार्षिक महासम्मलेन उत्सव शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के नेतृत्व में 12 फरवरी तक चलने वाले इस महासम्मेलन में श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण की लीलाओं से जोड? का



प्रयास किया जाएगा। मंदिर में अगले 12 दिन तक यहां वृंदावन की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में लाखों श्रद्धालु शिरकत करेंगे। महोत्सव के लिए मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। ऊना शहर में सडकों के किनारे ध्वज और होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इस महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा रासलीला, गीता प्रवचन और संकीर्तन के कार्यक्रमों से माहौल भक्तिमय रहेगा। मंदिर के प्रवक्ता किशोर लाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में रासलीला का आयोजन भी होगा। वहीं 5 फरवरी को मंदिर प्रांगण से विशाल शोभा यात्राा निकाली जाएगी, जो पूरे शहर से होते हुए वापिस मंदिर परिसर में ही संपन्न होगी। इस दौरान रामलीला मैदान में भी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत होगा। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन में गीता प्रवचन का भी आयोजन होगा।

**शोभायात्रा में झांकियां होंगी विशेष आकर्षण**

श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में भव्य धार्मिक महासम्मेलन पहले दिन बुआ दत्ता जम्मू वाले भजन संकीर्तन करेंगे। वहीं 2 फरवरी को अलका गोयल दिल्ली वाले भजन संकीर्तन करेंगे। 3 फरवरी हो महामंडेश्वर कुमार स्वामी जी महाराज सत्संग करेंगे। 4 और 5 फरवरी को वृंदावन से चित्र विचित्र की जोड़ी कृष्ण भजनों से रंग जमाएगी। 5 फरवरी को ही राष्ट्रीय संत बालजी महाराज की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य को भी निमंत्रण दिया गया है। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां मुख्य आकर्षण होगी।
पूज्य श्री इंद्रेश उपाध्यक्ष के प्रवचन 6 से
महोत्सव के दौरान 6 से 12 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान परम पूजनीय इंद्रेश जी उपाध्याय महाराज अपने प्रवचनों से संगतों को निहाल करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगी। इस दौरान राष्ट्रीय संत बालाजी महाराज श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। इसके अलावा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पंकज कृष्ण ठाकुर कलाकारों संग रासलीला का मंचन करेंगे।

## कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लोन धोखाधड़ी : आरोपित युद्ध सिंह बैंस की अंतरिम जमानत बढ़ी

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक से 20 करोड़ रुपये की लोन धोखाधड़ी मामले में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में आरोपी युद्ध सिंह बैंस की अंतरिम जमानत पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को एक हफ्ते के लिए बढ़ा दिया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई सात फरवरी को होगी।
हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता पेश हुए। जबकि युद्ध सिंह बैंस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंकुश दास सूद ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई।
अधिवक्ता अंकुश दास सूद ने तर्क दिया कि यह मामला सिर्फ लोन स्वीकृति से जुड़ा हुआ है और इसमें किसी तरह की धोखाधड़ी नहीं हुई है। वहीं महाधिवक्ता ने अदालत के सामने स्पष्ट किया कि आरोपी ने बैंक के साथ जमीनी मूल्यांकन में बड़ा घोटाला किया है। बैंक को दिखाया गया कि जिस जमीन पर होटल बनाया जाना है। उसकी कीमत 165 करोड़ रुपये है जबकि असल में उसका मूल्य मात्र 100 करोड़ रुपये था। इस तरह गलत आंकड़े प्रस्तुत कर बैंक से लोन मंजूर कराया गया।
गौरतलब है कि युद्ध सिंह बैंस हिमाचल प्रदेश विजिलेंस ब्यूरो द्वारा की जा रही 20 करोड़ रुपये के लोन घोटाले की जांच में आरोपी हैं। इस मामले में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आई है।
जांच में सामने आया है कि होटल निर्माण के नाम पर 60 करोड़ रुपये के लोन के लिए आवेदन किया गया था जिसमें से 20 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए।

## पौवारी में 500 गोवंशों के लिए गोशाला तैयार

**ग्रेटर नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**
आज शुक्रवार को जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह ने एसीईओ लक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में ग्राम पौवारी में नवनिर्मित गोशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बेटियों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक धीरेंद्र सिंह ने कबड्डी खिलाड़ी बेटियों को आगे रखते हुए उन्हीं से फीता कटवाया। गोवंशों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दूसरी गोशाला पौवारी गांव में बनवाया है।
लगभग 18200 वर्ग मीटर में निर्मित इस गोशाला में करीब 500 गोवंश आराम से रह सकेंगे। भविष्य में जरूरत के अनुसार इसका विस्तार किया जा सकेगा। पौवारी के इस गोशाला में शेड, भूसाघर, चिकित्सक रूम, गार्ड रूम, कर्मचारियों के रूम, बाउंड्री वॉल आदि सुविधाएं विकसित की गई है।

## शिमला पुलिस के राडार पर ऑनलाईन ड्रग तस्कर गिरोह

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
शिमला पुलिस हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत में सक्रिय बड़े पैडलर गैंग ह्यसंदीप शाह सिंडीकेटह्ल का भंडाफोड़ करते हुए इसके मुख्य सरगना समेत 16 सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस सिंडीकेट के 200 सदस्य पुलिस के राडार पर हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।
पुलिस ने दावा किया है कि अगले 24 घंटों में इस सिंडीकेट के 25 और सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।



चौंकाने वाली बात यह है कि इस सिंडीकेट के तार न केवल उत्तर भारत बल्कि नाइजीरिया से भी जुड़े हुए हैं। यह गिरोह ऑनलाइन और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए ड्रग्स की तस्करी को अंजाम दे रहा था। शिमला पुलिस की पूछताछ में मुख्य सरगना संदीप शाह ने खुलासा किया है कि वह दिल्ली में रहने वाले एक नाइजीरियन नागरिक मार्क से चिट्टा (हेरोइन) खरीदता था। दोनों के बीच व्हाट्सएप कॉल और अन्य वर्चुअल माध्यमों से बातचीत होती थी। संदीप शाह के इशारे पर नाइजीरियन गैंग का एक गुर्गा दिल्ली या अन्य स्थानों पर ड्रग्स की खेप पहुंचाता था।
अब पुलिस इस मामले में मार्क की तलाश में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नाइजीरियन नेटवर्क के भारत में और कितने संपर्क हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस ड्रग सिंडीकेट ने यूपीआई और डिजिटल स्कैनर के माध्यम से चिट्टे की खरीद-फरोख्त में करीब 4 करोड़ रुपये का लेन-देन किया है।
इस लेन-देन को ट्रैक करने के लिए पुलिस ने 29 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है।
बताया जा रहा है कि इस गैंग ने ड्रग्स के धंधे में करोड़ों रुपये का कारोबार किया है। अब पुलिस हर वित्तीय पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

## छात्रवृत्ति घोटालाः ईडी ने दो निजी शिक्षण संस्थान से जुड़े व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
हिमाचल प्रदेश में हुए करोड़ों रुपये के छात्रवृत्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो प्रमुख निजी शिक्षण संस्थानों से जुड़े व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में कालाअंब स्थित हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एमडी के भाई विकास बंसल और इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड फ्यूचर मैनेजमेंट ट्रेंड्स (आईटीएफटी) न्यू चंडीगढ़ के संचालक गुलशन शर्मा शामिल हैं।
ईडी की टीम ने गुरुवार को पहले पंचकूला में छापेमारी की और फिर देर शाम शिमला में दबिश देकर दोनों को हिरासत में लिया।





पंचकूला के सेक्टर-16 स्थित कोठी नंबर 376 से विकास बंसल को गिरफ्तार किया गया, जबकि शिमला में गुलशन शर्मा की गिरफ्तारी हुई। दोनों को शिमला लाकर पूछताछ की जा रही है।बीती रात करीब आठ बजे दोनों आरोपियों का दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवाया गया। जिसके बाद उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। इस घोटाले से जुड़ी जांच उस समय और तेज हो गई जब प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व सहायक निदेशक विशालदीप पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगे। आरोप है कि विशालदीप ने इस मामले में निजी शिक्षण संस्थानों के संचालकों से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। कहा गया कि रिश्वत देने पर गिरफ्तारी से बचा जा सकता था।
इन आरोपों के बाद सीबीआई ने जांच शुरू की और सबसे पहले विशालदीप के भाई को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान 55 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। विशालदीप कई दिनों तक सीबीआई से बचते रहे। लेकिन 18 दिन बाद उन्हें मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया।
इसके अलावा इस घोटाले में एक और बड़ा खुलासा तब हुआ जब सीबीआई ने अपने ही डीएसपी बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया। बलबीर सिंह पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत की रकम में 10 फीसदी कमीशन मांगा था। उन्हें 20 जनवरी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया और 21 जनवरी को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया।
बता दें कि हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2012 से 2017 के बीच हुए इस छात्रवृत्ति घोटाले में 32,000 से अधिक विद्यार्थियों के हक की राशि विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा हड़प लिए जाने का आरोप है। इस घोटाले में करीब 181 करोड़ रुपये का गबन किया गया। जिसमें छात्रों की स्कॉलरशिप राशि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से निकाली गई।

## केसों के त्वरित निपटारे के लिए 8 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 8 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर हमीरपुर और उपमंडल स्तर के न्यायिक परिसरों नादौन तथा बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एन. आई. एक्ट के मामले, धन वसूली के मामले और भूमि विवाद

**लोक अदालत**

▶▶ उन मामलों का निपटारा भी करवाया जा सकता है जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं।

आदि पर सुनवाई करके निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, मोटर व्हीकल अधिनियम, श्रम विवाद के मामले, बिजली, पानी और टेलीफोन के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, वेतन और भत्तों और सेवानिवृत्ति से संबधित मामलों का भी निपटारा होगा।
कुलदीप शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में उन मामलों का निपटारा भी करवाया जा सकता है जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपने मामलों का निपटारा करवाने के इच्छुक लोग 5 मार्च तक जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय हमीरपुर या संबंधित न्यायालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। लोक अदालत से पहले प्री-लोक अदालत सीटिंग में भी इन मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर करवाया जा सकता है।

# महाकुम्भ: सुगम यातायात और स्वच्छता से श्रद्धालु संतुष्ट

## योगी जी की व्यवस्था सुपर से भी ऊपर, पुलिस वाले कर रहे पूरी मदद

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर: प्रयागराज** महाकुम्भ 2025 में देशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में महाकुम्भ नगरी में सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का ऐसा प्रबंधन किया गया है कि श्रद्धालु न केवल प्रसन्न हैं, बल्कि सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने इस बार की व्यवस्था को 'सुपर से भी ऊपर' बताया है। साथ ही व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की भी जमकर तारीफ की। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने सरकार द्वारा किए गए इंतजामों की तारीफ करते



हुए बताया कि इस बार की व्यवस्थाएं पहले के मुकाबले कहीं अधिक सुदृढ़ और सुव्यवस्थित हैं। खासकर सुरक्षा बलों और पुलिस प्रशासन का रवैया श्रद्धालुओं के प्रति अत्यंत सहयोगात्मक है। इंदौर की श्रद्धालु नीलू ने कहा कि योगी जी की मेहनत यहां साफ झलक रही है। पूरी व्यवस्था बहुत शानदार है, जिससे हमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जयपुर की शकुंतला शर्मा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मोदी-योगी की जोड़ी ने बेहतरीन काम किया है। व्यवस्था सुपर से भी ऊपर है। स्नान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाएं काबिले-तारीफ हैं।

**सुगम यातायात और स्वच्छता से श्रद्धालु संतुष्ट:** जयपुर की ही अलका शर्मा ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि 20-25 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। यहां हर जगह सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, जो हर संभव मदद कर रहे हैं। थोड़ी-थोड़ी दूर पर ई-रिक्शा की भी व्यवस्था है। वहीं, राजस्थान की कंचन ने कहा कि महाकुम्भ में सफाई, सुरक्षा और यातायात की जो व्यवस्था की गई है, वह वास्तव में उम्दा है। सरकार ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है।

**पहले के मुकाबले काफी बेहतर व्यवस्था:** राजस्थान के मुरारीलाल शर्मा, जो पहले भी कई बार कुम्भ मेलों में आ चुके हैं, ने बताया कि इस बार का महाकुम्भ पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित है। उन्होंने कहा कि सफाई से लेकर कानून व्यवस्था तक, हर चीज में सुधार दिख रहा है। इतनी विशाल भीड़ के बावजूद हर काम सुचारू रूप से चल रहा है।

जयपुर की नमिता ने सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों का व्यवहार बहुत ही सहयोगी और दोस्ताना है। वे श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता कर रहे हैं।

**योगी जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक महाकुम्भ:** लखीमपुर जिले की राधा ने उत्साहपूर्वक कहा कि हमारे योगी बाबा ने अद्भुत व्यवस्था की है। इतनी भीड़ के बावजूद सबकुछ व्यवस्थित ढंग से चल रहा है।

# इंटर कॉलेज गेट के सामने छात्र को मारी गोली, हालत गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुर: श्री गणेश** राय इंटर कॉलेज गेट के सामने शुक्रवार दोपहर ग्यारहवीं की परीक्षा देकर बाहर निकल रहे छात्र को दो की संख्या में आये बदमाशों ने गोली मार दी।गोली चलते ही वहां भगदड़ मच गई। आसपास खड़े दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राएं जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बदमाश पैदल कुछ दूर भाग कर बाइक से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व विद्यालय के अध्यापकों ने उसे सीएचसी ले आए, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। गोली छात्र को गले में लगी थीं। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए घटना स्थल पर

**मार दी**

**छात्र-छात्राएं जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बदमाश पैदल कुछ दूर भाग कर बाइक से फरार हो गए**

पुलिस बल तैनात रहा।
बोड़सर गांव निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र आदर्श सिंह (17)श्री गणेश राय इंटर कॉलेज में ग्यारहवीं का छात्र है। वह परीक्षा देकर बाहर निकला ही था कि दो संख्या में पैदल आए बदमाशों ने उसे लक्ष्य कर गोली चला दी। गोली उसके गर्दन में लगीं ,वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा।आसपास खड़े दर्जनों की संख्या में खड़े छात्र कुछ समझ पाते बदमाश पैदल भाग कुछ दूर खड़ी बाइक से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व अध्यापक छात्र को सीएचसी ले गए जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। चंदवक अन्तर्गत श्री गणेश राय पी .जी .कॉलेज कर्रा के पास छात्रों के बीच हुए विवाद में गोली चलने की घटना में घायल छात्र आदर्श सिंह के परिजन की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 3 टीमें लगायी गयी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने भारत से साझेदारी की 30वीं सालगिरह मनाई

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए ला ट्रोब यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर और प्रेजिडेंट प्रोफेसर थियो फैरेल ने आज (31 जनवरी 2025) लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन (एलएसआर) के साथ इस ऑस्ट्रेलियाई संस्थान की अटूट साझेदारी की 30वीं सालगिरह मनाई। इस अवसर पर प्रोफेसर फैरेल के संग दक्षिण एशिया में विक्टोरिया की कमिश्नर मिशेल वेड भी एलएसआर की प्रिंसिपल प्रोफेसर सुमन शर्मा से मिलीं। उन्होंने संस्थान के दक्षिण दिल्ली कैम्पस में इस साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ मना कर एक इतिहास रचा। यह भारत में ला ट्रोब की सबसे लंबी में साझेदारियों में एक है जिससे दोनों संस्थानों के बीच विद्यार्थियों का आदान-प्रदान आसान हुआ है। साथ ही, एलएसआर के कार्मिकों को ला ट्रोब में प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अवसर मिले हैं और अनुसंधान और नवाचार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रोफेसर फैरेल ने कहा कि एलएसआर से ला ट्रोब की अटूट साझेदारी पर हमें गर्व है क्योंकि इससे युनिवर्सिटी के लक्ष्य पूरे होंगे, जो समुदाय में सब का विकास सुनिश्चित करना, शिक्षा में उत्कृष्टता की विरासत आगे बढ़ाना और बड़े बदलावों के लिए काम करना है। प्रोफेसर फैरेल ने कहा, ह्यह्यभारत के सबसे सम्मानित और सफल संस्थानों में लेडी श्री राम कॉलेज का बड़ा नाम है और पिछले 30 वर्षों से हमारा इस संस्थान से मजबूत संबंध रहा है जो हमारे लिए अनमोल है। इसकी शुरूआत ला ट्रोब युनिवर्सिटी के एक सामान्य बैठक कक्ष से 1995 में की गई। आज यह हमारी युनिवर्सिटी की सबसे स्थायी और सफल अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों में से एक है। दोनों संस्थान अलग-अलग बैकग्राउंड की छात्राओं को सभी कार्य क्षेत्रों में कमान संभालने में सक्षम बना रहे हैं। हम इस उत्साह से काम कर रहे हैं कि आने वाले वर्षों में हमारी यह साझेदारी अधिक मजबूत और व्यापक हो। लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन की प्रिंसिपल प्रोफेसर सुमन शर्मा ने ला ट्रोब के वाइस-चांस्लर और प्रेजिडेंट प्रोफेसर थियो फैरेल और डिप्टी वाइस चांस्लर, फ्यूचर ग्रोथ, डॉ स्टेसी फैरावे का गर्मजोशी से स्वागत किया और ला ट्रोब युनिवर्सिटी के साथ साझेदारी की 30वीं सालगिरह में शामिल होने के लिए विक्टोरिया की कमिश्नर मिशेल वेड को विशेष धन्यवाद दिया। प्रोफेसर शर्मा ने कहा, ला ट्रोब के साथ हमारी साझेदारी की पहचान प्रतिभाओं के समग्र विकास के अलावा प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा और ज्ञान का आदान-प्रदान है। 2023 में इस पुरानी साझेदारी का नए जोश के साथ नवीकरण किया गया। कई सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों ने द्विपक्षीय आदान-प्रदान करार पर हस्ताक्षर किए। इनमें एलएसआर को माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री माननीय जेसन क्लेयर और शिक्षा क्षेत्र के एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में सहमति करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का गौरव प्राप्त है। एलएसआर और ला ट्रोब के बीच साझेदारी को प्रगाढ़ बनाते हुए ला ट्रोब के पूर्व वाइस-चांस्लर प्रोफेसर जॉन डेवर और मैंने एक सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए। आज हम इस सहयोग करार और आदान-प्रदान के तीन दशक पूरे होने की खुशियां मना रहे हैं। हम इस अवसर पर यह प्रतिबद्धता दुहराते हैं कि आने वाले वर्षों में भी हम पूरी दुनिया में शिक्षा और संस्कृति की बहुलता को आगे ले जाएंगे।

### अमेजन म्यूजिक ने भारत के लिए ब्रेकथ्रू आर्टिस्ट टू वॉच 2025 की घोषणा की

**मुंबई:** अमेजन म्यूजिक ने ब्रेकथ्रू आर्टिस्ट टू वॉच 2025 की घोषणा कर दी है। इस सूची का सभी संगीतप्रेमियों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। इस सूची में छह ऐसे उभरते हुए म्यूजिशियन हैं जो देश में संगीत के क्षेत्र में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। इस सूची में शामिल सभी छह कलाकारों ने भारत में म्यूजिक के क्षेत्र में अपना असर दिखाना शुरू भी कर दिया है। इन छह कलाकारों माही, इक्की बेरी, फो, श्रेया जैन, थियाराजक्स्ट, चानी नट्टन को ह्यब्रेकथ्रू आर्टिस्ट टू वॉच आउट फॉर 2025 प्लेलिस्ट के कवर पर जगह दी गई है और इस तरह उन्हें भारत के म्यूजिक क्षेत्र के आइकॉन के तौर पर सम्मानित किया गया है। अमेजन म्यूजिक की ब्रेकथ्रू आर्टिस्ट टू वॉच आउट फॉर 2025 में जगह बनाने से रोमांचित चानी नट्टन का कहना है, म्यूजिक हमेशा से मेरी चाहत रहा है और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे ह्यब्रेकथ्रू आर्टिस्ट टू वॉच आउट फॉर 2025 में जगह मिली। मेरे जैसे उभरते कलाकारों के लिए अमेजन म्यूजिक एक शानदार प्लेटफॉर्म रहा है और कई शानदार लोगों के बीच जगह पाना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं भविष्य की तरफ देख रही हूं और उत्सुक हूं कि अमेजन म्यूजिक पर श्रोता मेरे म्यूजिक को कितना सुनते और पसंद करते हैं। इस सूची में जगह बनाने वाली सबसे युवा कलाकार माही ने अपनी उत्सुकता को साझा करते हुए कहा, पूरी दुनिया के साथ अपने म्यूजिक को शेयर करना कभी-कभी सपने जैसा लगता है। सॉरी से शुरू करके और फिर ह्यजादूगरीह्न में मैंने अपने दिल से गाने गाए हैं। प्रेम कहानियों ने मुझे हमेशा ही प्रभावित किया है और मैं चाहती हूं कि मेरा म्यूजिक भी लोगों के दिलों को इन कहानियों की तरह ही छूता रहे।

### साइबर क्राइम टीम ने खाते में वापस कराए ठगी के 71,999 रुपये

**मीरजापुर: थाना जिगना** की साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के शिकार एक व्यक्ति की धनराशि को सफलतापूर्वक वापस दिलाकर एक बड़ी सफलता हासिल की है।
आवेदक कृष्ण कुमार विश्वकर्मा (पशु डॉक्टर) पुत्र जीतू विश्वकर्मा, निवासी बिहसड़ा खुर्द, थाना जिगना, जनपद मीरजापुर ने 17 जनवरी 2025 को थाना जिगना में शिकायत दर्ज कराई थी कि ऑनलाइन खरीदारी के दौरान उनके क्रेडिट कार्ड से 71,999 रुपये की ठगी की गई। इस संबंध में थाना जिगना पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की।

# वाराणसी में बड़ा नाव हादसा टला, दो नाव आपस में टकराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: जिले** के दशाश्वमेध घाट से सटे मानमंदिर घाट के ठीक सामने गंगा नदी में एक बड़ा नाव हादसा टल गया। शुक्रवार को यात्रियों से भरी बड़ी नाव छोटी नाव से टकरा गई। हादसे में छोटी नाव असंतुलित होकर पलट गई। नाव में 6 लोग सवार रहे। हादसे से नदी में चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और वाराणसी में बड़ा नाव हादसा टला,दो नाव आपस में टकराई,सवार सुरक्षितरेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

**लाइफ जैकेट ने बचाई सभी यात्रियों की जान:** हादसे के वक्त सभी यात्री लाइफ जैकेट पहने हुए



थे, जिससे वे पानी में बहने से बच गए। जैसे ही नाव पलटी, आसपास मौजूद नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू कर दिया। तब तक एनडीआरएफ और जल पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे और सभी को सुरक्षित किनारे पर पहुंचाया। हादसे के बाद घाट पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन रेस्क्यू टीम की मुस्तैदी से सभी सवार बच गए। सूचना पाकर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल,अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस. चिनप्पा भी मौके पर विशेष स्टीमर से पहुंच गए। अफसरों ने राहत बचाव कार्य की जानकारी ली।
हादसे के बाद पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने निर्देश दिया कि अब शाम पांच बजे के बाद गंगा में कोई भी नाव नही चलेगी। इसके अलावा उन्होंने चप्पू नौकाओं के संचालन को भी बंद करने का निर्देश दिया है। यह आदेश सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिया गया है। अपर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बड़ी नाव पर 58 लोग और छोटी नौका पर 6 लोग सवार रहे। टक्कर में छोटी नाव पलट गई। रेस्क्यू टीम ने छोटी नौका पर सवार सभी लोगों को गंगा से सुरक्षित निकाल लिया। उन्होंने बताया कि हादसे में दो यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल भेजा गया। दोनों नाव संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उधर, प्रशासन की ओर से यात्रियों से सतर्क रहने और नाविकों से भी अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिला प्रशासन ने गंगा में नाव संचालन को लेकर सुरक्षा उपायों को और कड़ा करने का निर्देश दिया है। वहीं, यात्रियों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत नावों से यात्रा करें और सुरक्षा निदेशों का पालन करें।

## हंगामा ओटीटी लेकर आया है सस्पेंस और साजिश से भरी दिलचस्प कहानी 'पर्सनल ट्रेनर'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: भा**रत के सबसे बेहतरीन ओटीटी प्लैटफॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी अपनी नई क्राइम थ्रिलर सीरीज पर्सनल ट्रेनर के जरिए अपने दर्शकों का मनोरंजन करने और उन्हें रोमांच के सफर पर ले जाने के लिए तैयार है। यह सीरीज सिर्फ हंगामा ओटीटी पर 28 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही है। इस सीरीज में बेहद प्रतिभाशाली कलाकार टीना दत्ता मुख्य भूमिका में हैं जबकि गुलशन नैन और साहिब तगरा भी अन्य अहम भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज की कहानी में धोखे, इच्छाओं और सस्पेंस का भरपूर तड़का है।
सीरीज की कहानी मुंबई की जिम संस्कृति की पृष्ठभूमि में बुनी गई है। यह कहानी दर्शकों को शारीरिक फिटनेस पाने की इच्छा रखते हुए गलत रास्ते पर निकल जाने वाले किरदारों से रूबरू कराती है। इस कहानी में मुख्य किरदार नेहा धर्मराजन है जिसे टीना दत्ता ने निभाया है। नेहा एक विवाहित महिला है और उसकी दुनिया में तब तूफान आ जाता है जब उसके अवैध संबंध उसके पर्सनल ट्रेनर अनीश से बन जाते हैं। अनीश के किरदार को गुलशन नैन ने निभाया है। गुपचुप तरीके से शुरू हुआ यह रोमांस एक धोखे की कहानी में बदल जाता है और फिर इसका अंत अनीश की रहस्यमयी स्थितियों में मौत के साथ होता है। यह सीरीज दर्शकों को ऐसी कहानी से रूबरू कराती है जिसमें धोखा है, जिम से जुड़े अलग-अलग लोगों के अपने छिपे हुए एजेंडा हैं और शक की सुई हर किसी की तरफ जाती है। इस सीरीज के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया के सीईओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, हमारी नई क्राइम थ्रिलर सीरीज पर्सनल ट्रेनर के जरिए रोमांचक और आपको हैरत में डालने वाली पर्सनल ट्रेनर की दुनिया से रूबरू होने के लिए तैयार हो जाइए। बेहद दिलचस्प और अंदाजा लगाने पर मजबूर करने वाली इस सीरीज में इंसानी स्वभाव की जटिलताओं को पेश किया गया है।

## कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त, महिला की

**कानपुर: महाराजपुर** थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में कुंभ स्नान कर वापस लौट रहा राजस्थान का एक परिवार चपेट में आ गया। हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से राजस्थान केलवाड़ा के बारा गांव निवासी पदम राठौर अपने परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान करने गए थे। वापसी के दौरान महोली मोड़ के पास अचानक अज्ञात वाहन ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई।

# महाकुम्भ हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग

## सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले आयोग में सेवानिवृत्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर**
**प्रयागराज** महाकुम्भ में दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या के पहले देर रात्रि संगम नोज पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचा। महाकुंभ में आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा। गुरुवार को लखनऊ में न्यायिक आयोग ने कामकाज शुरू कर चुका है। आयोग के तीनों सदस्य शुक्रवार को जांच के लिए प्रयागराज आए हैं। आयोग का कार्यालय लखनऊ के जनपथ में बनाया गया है। आयोग के पदाधिकारियों का मेला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर शुरू हुआ है। ये पदाधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे, साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से भी बात करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं।

# बेघर लोगों को मिला सेल्फ सर्वे का अधिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर: पीएम** ग्रामीण आवास योजना में अब केन्द्र सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। पहले पात्र लोगों के सर्वे कराए जाने के लिए अफसरों की कई टीमें लगाई गई थीं लेकिन पहली बार पात्र और गरीबों को सेल्फ सर्वे करने की सौगात दी गई है। इससे गरीबों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) का कहना है कि सरकार की मंशा है कि गरीब और पात्र लोग पीएम आवास के लिए सेल्फ सर्वे करें। इसके लिए एप बनाया गया है। पीएम ग्रामीण आवास योजना को लेकर अर्से से बड़ी संख्या में गरीब दर-दर भटक रहे हैं। जिले में अभी तक सत्ताईस हजार से अधिक आवास की सौगात गरीबों को मिला है। पात्र होने के बावजूद इससे



कई गुना गरीब आज भी इस योजना से वंचित हैं। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा, मुस्करा, राठ, सरीला और गोहांड आदि ब्लाकों के सैकड़ों गांवों में पीएम ग्रामीण आवास योजना के लिए हजारों गरीब परिवार अधिकारियों की परिक्रमाकर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र सरकार ने पीएम आवास योजना ग्रामीण का विस्तार वर्ष 2024-25 से वर्ष 2029 तक कर दिया है। पात्र लोगों को आवास की सौगात दिए जाने के लिए सर्वे कराए जाने की हरी झंडी दी गई थी। सर्वे के लिए ब्लाक और न्याय पंचायत स्तर पर टीमें गठित की गई थीं। अब केन्द्र सरकार ने योजना में बड़ा बदलाव करते हुए गरीबों को बड़ी सौगात दी है। इससे यहां गरीब परिवारों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। चंदुलीतीर, कलौलीतीर समेत तमाम गांवों के गरीब परिवारों ने बताया कि केन्द्र सरकार का यह फैसला गरीब और आवास विहीन लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बेघर लोगों को अब मिला सेल्फ सर्वे का अधिकारहमीरपुर के सीडीओ चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीणों की तमाम शिकायतों को लेकर केन्द्र सरकार ने अब पात्र गरीब और लाभार्थी को बड़ी राहत दी है। लाभार्थी पीएम के लिए अब खुद (सेल्फ) सर्वे कर सकता है।

# रेलवे ने दो दिन में 700 से अधिक ट्रेनें चलाकर श्रद्धालुओं को पहुंचाया उनके घर

**महाकुम्भनगर**
**आस्था** के महापर्व महाकुम्भ के सबसे अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। मौनी अमावस्या पर्व के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में आने का क्रम जारी रहा। पर्व के दूसरे दिन भी लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। करोड़ों की संख्या श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने पिछले दो दिनों में रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते



हुए होल्डिंग एरिया और कलर कोडेड आश्रय स्थलों के माध्यमों से तीर्थयात्रियों सुरक्षित तरीके से रवाना किया गया।

**श्रद्धालुओं को प्रयागराज रेलवे ने पहुंचाया गंतव्य स्टेशन:** मौनी अमावस्या का पर्व महाकुम्भ का सबसे बड़ा स्नान पर्व माना जाता है। परंपरा अनुसार इस दिन करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने प्रयागराज आते हैं। महाकुम्भ 2025 के मौनी अमावस्या पर्व पर रिकार्ड 8 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया। यही नहीं पर्व के दूसरे दिन भी लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में सुरक्षित आवागमन के लिये प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकार्ड मेला स्पेशल और नियमित ट्रेनों का संचालन किया। पर्व के दिन 29 जनवरी को शहर के सभी रेलवे स्टेशनों से रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। पर्व के दूसरे दिन 30 जनवरी को भी लगभग 175 स्पेशल ट्रेनों के साथ 300 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं। पिछले दो दिनों में प्रयागराज रेल मण्डल ने 20 लाख से अधिक लोंगो को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया।

**प्रयागराज के सभी स्टेशनों से 700 से अधिक ट्रेनों किया गया संचालन:** प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व और उसके दूसरे दिन मिलाकर लगभग 700 से अधिक नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इनमें से सर्वाधिक ट्रेनों का संचालन प्रयागराज जंक्शन से हुआ, इसके अलावा एनसीआर के नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज, एन आर के प्रयाग, फाफामऊ और पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग और झूंसी स्टेशनों से भी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके साथ ही रेवले स्टेशन परिसर में सफल भीड़ प्रबंधन के लिये पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुरूप तीर्थ यात्रियों को होल्डिंग एरिया, कलर कोडेड आश्रय स्थलों और कलर टिकट के जरियों दिशावार उनकी ट्रेनों तक पहुंचाया

# क्रिकेट कोच पर पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर: पनकी** थाना क्षेत्र में क्रिकेट कोच पर बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोप के मुताबिक क्रिकेट कोच नशीला पदार्थ पिलाकर बच्ची को हैवानियत का शिकार बनाता रहा। कोच की इस हैवानियत से तंग आकर बच्ची ने परिजनों को घटना की सारी सच्चाई बताई। जिसके बाद परिजनों की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ पॉक्सो और एससी एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**गंभीर मामला**

**आरोप के मुताबिक क्रिकेट कोच नशीला पदार्थ पिलाकर बच्ची को हैवानियत का शिकार बनाता रहा**

कानपुर देहात की रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया कि अपनी बेटी को पढ़ाने और क्रिकेट के प्रति उसकी रुचि को देखते हुए वह परिवार समेत पनकी के रतनपुर इलाके में किराए के मकान में रहती हैं। उनकी 12 साल की बेटी अरमापुर स्थित स्टेडियम में क्रिकेट सीखने जाती है। वहीं पनकी गंगागंज भाग-चार का रहने वाला न्यू स्टार एकेडमी का कोच नीरज शर्मा उसे क्रिकेट कोचिंग देता है। महिला का आरोप है कि बीते कई महीनों से आरोपित कोच उनकी बेटी को एनर्जी ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म कर रहा था। जब बेटी ने इसका विरोध किया तो उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

# आदर्श नगर: भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के चुनावी अभियान से विपक्षी खेमे में हड़कंप

## ● दूसरे दलों के नेता पार्टी छोड़ राजकुमार भाटिया के समर्थन में थाम रहे भाजपा का दामन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया का चुनाव प्रचार अभियान शिखर पर मजबूत स्तिथि बनाए हुए है। चुनाव प्रचार का अपने अंतिम दौर में आते आते राजकुमार भाटिया की बढ़त बढ़ती जा रही है जिसने आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के लिए खतरे की घण्टी बजा दी है। दोनों ही विपक्षी दलों के प्रत्याशीयों के चुनाव रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्षेत्र के मजबूत कार्यकर्ता राजकुमार भाटिया के समर्थन में भाजपा ज्वाइनिंग कर उनके प्रचार में जुट गए हैं। इसी कड़ी में कल पुराने कांग्रेसी ओमदत्त भारद्वाज व नवीन भारद्वाज ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं बिजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में उनके सैंकड़ो साथियों ने भाजपा का दामन थामा जो आप प्रत्याशी को सबसे बड़ा झटका रहा। इन सभी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी के पटके पहना स्वागत किया। इन सभी का कहना है कि राजकुमार भाटिया मृदुभाषी सौम्य स्वभाव और व्यवहार के सभी को साथ लेकर चलने वाले बेदाग समाज की सेवा को समर्पित विशाल व्यक्तित्व के व्यक्ति है। ऐसे व्यक्तित्व की लोकतंत्र की पंचायत में आवश्यकता है। इसीलिए उन्हें हम अपना समर्थन दे जिताने के लिए उनके साथ आए हैं।

राजकुमार भाटिया ने अपने चुनावी अभियान में पद यात्रा, नुक्कड़ सभा व इंडोर बैठकों का क्रम जारी रखा। आज उन्होंने बी और सी ब्लॉक मजलिस पार्क में पदयात्रा की। धोबीघाट जहाँगीर पुरी, सूरज नगर आजादपुर और राजस्थान उद्योग नगर में पूर्वांचली समाज के साथ बैठक की। इसके अतिरिक्त योगराज कालोनी, धीरपुर गाँव, निरंकारी कालोनी में नुक्कड़ सभा के साथ मदर डेयरी गाँधी विहार में जनसभा की।

**विधायक बनते ही एक वैन में अपना कार्यालय बनवाऊँगा: राजकुमार भाटिया**

अपने चुनावी अभियान में राजकुमार भाटिया ने लोगों से संवाद करने के साथ साथ लोगों की समस्याएँ भी सुनी। राजकुमार भाटिया ने कहा विधायक बनते ही एक वैन में अपना कार्यालय बनवाऊँगा और निश्चित दिन व समय पर हर क्षेत्र में पहुँच समस्याएँ निपटाने के लिए आप तक पहुँचूँगा। उन्होंने कहा कि स्वछ पेयजल, दुरुस्त सीवर व्यवस्था, टूटी फूटी सड़कों का पुनः निर्माण, गंदे पानी की निकासी, पार्कों के सौन्दर्यकरण व क्षेत्र को हरियाली युक्त बनाने, सरकारी स्कूलों में सुधार के साथ साथ विज्ञान व कामर्स कोर्स लगवाने और छात्रों के पढ़ने हेतु लाइब्रेरी की व्यवस्था करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि एक बड़ी जमीन पड़ी है जिसका लैंड यूज बदलवा वहाँ युवकों के खेल प्रोत्साहन हेतु सपोर्ट कम्प्लेक्स बनवाना मेरे एजेंडे में है।

उन्होंने आपदा सरकार द्वारा बंद की वृद्धावस्था पेंशन को पुनः शुरू करवाने के साथ प्रतिमाह 2500 रुपये और 70 वर्ष से अधिक आयु के लिए 3000 रुपये प्रति माह पेंशन, बहनों को 2500 रुपये की आर्थिक मदद, 500 रुपये में गैस सिलेंडर और होली दिवाली पर फ्री सिलेंडर, गर्भवती बहनों की सहायतार्थ 21000 रुपये व 6 पोषण किट उपलब्ध कराएंगे।
उन्होंने कहा कि ई रिक्शा, ऑटो-टेक्सी चालक, श्रमिक, मीडियाकर्मी व वकीलों को 10 लाख का जीवन बीमा दिया जाएगा।






# आम आदमी पार्टी ने वजीरपुर क्षेत्र की जनता को दिया धोखा: पूनम शर्मा भारद्वाज

## ● पूनम भारद्वाज को जनता का मिल रहा समर्थन ● जनता दे रही पदयात्राओं में आशीर्वाद






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी, अशोक विहार, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, केशवपुरम सहित कई इलाको में जनसंपर्क और जनसंवाद किया।

**वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित, पहुंचे सांसद प्रवीण खंडेलवाल:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और वहां पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

**झूलेलाल मंदिर में पूनम शर्मा भारद्वाज ने की पूजा अर्चना:** अशोक विहार स्थित झूलेलाल मंदिर में भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने पूजा अर्चना की। इस दौरान सिंधी समाज के लोगों ने पूनम भारद्वाज का स्वागत किया और उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दिया।

**वजीरपुर जेजे कॉलोनी में वाल्मीकि समाज ने किया जनसभा का आयोजन:** वजीरपुर जेजे कॉलोनी के एल ब्लॉक स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास वाल्मीकि समाज के द्वारा भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया। जहां पर वाल्मीकि समाज ने पूनम भारद्वाज का भव्य रूप में स्वागत किया।

**वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में पूनम भारद्वाज ने किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में जनंसपर्क किया और लोगों से कहा कि आप सभी मेरा समर्थन करें, मैं क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी।

**केशवपुरम में बुजुर्गों ने दिया पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद:** केशवपुरम में जनसंपर्क के दौरान वहां के बुजुर्गों ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद दिया।





